सहायता 15 राज्यों में व्याप्त थी। इनमें से 17 परियोजनायें केंद्र द्वारा अधिसूचित कम विकसित जिलों में लगाई जायेगी। इन परियोजनाओं को 14.10 करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त हुई, जो वर्ष के दौरान कुल मंजूरियों का 36 प्रतिशत के लगभग है। इसमें चार चीनी सहकारितायें भी शामिल हैं जिनमें से तीन नई परियोजनायें थीं।

कास्टिक सोडे का उत्पादन करने वाली केरल के सरकारी क्षेत्र के एक उपक्रम को विस्तार योजना के लिये सहायता मंजूर की गई।

इस वर्ष के कार्य परिणाम से 14.98 करोड़ रुपये की आय हुई, 1970–71 में यह आय 13.46 करोड़ रुपये थी। पिछले वर्ष के सकल लाभ में 37 लाख रुपये की वृद्धि होने से सकल लाभ 4.84 करोड़ रूपये हुआ, निवेशों के मूल्य में ह्रास के लिये 0.48 करोड़ रुपये तथा कराधान के लिये 2.17 करोड़ रुपये की व्यवस्था करने के बाद निवल लाभ 2.19 करोड़ रुपये रहा। पिछले वर्ष से यह 9 लाख रुपये ज्यादा है। आरक्षित निधि में 1.77 करोड़ रुपये की राशि जमा कर दी गई, इससे निगम की आरक्षित निधि 16.02 करोड़ रुपये हो गई, जो प्रदत्त पूंजी से 6.85 करोड़ रुपये अधिक है।

निगम ने अपने निधि स्रोतों को बढ़ाने तथा केन्द्रीय सरकार से उधार लेने की निर्भरता को कम करने के लिए अक्तूबर, 1971 में 8.00 करोड़ रुपए के बांड जारी किए। जारी की गई राशि में अनुगेय 10 प्रतिशत रकम को मिला कर निगम को 8.80 करोड़ रुपए का अभिदान प्राप्त हुआ। जून, 1972 में निगम ने 10 करोड़ रुपए की अधिकृत पूंजी के शेष भाग के लिए 1.65 करोड़ रुपए के साधारण शेयर जारी किए, जिसका 50 प्रतिशत आवेदन मुद्रा के रूप में प्राप्त हुआ, इससे कुल प्रदत्त पूंजी 9.17 करोड़ रुपए हो गई।

वर्ष के दौरान पश्चिमी जर्मनी के कन्द्रितांस्तल द्वारा निगम को 80 लाख जर्मनी मार्क का ऋण स्वीकार किया गया। इस वर्ष संयुक्त राज्य/भारत पूंजी निवेश ऋण, 1971 से संबंधित 10 लाख पौंड का ऋण दस्तावेज पूरा किया गया। संयुक्त राज्य ऋण की कुल राशि 20 लाख पौंड हो गई है।

वर्ष के दौरान निगम की अहमदाबाद, हैदराबाद, भुवनेश्वर, तथा बंगलौर में अतिरिक्त शाखाएं खोली गईं।

निगम की सहायता से चीनी सहकारिताओं का सम्मेलन 2 अप्रैल, 1972 को बुलाया गया। इसका लक्ष्य सहकारी चीनी कारखानों की समस्याओं पर विचार करने के साथ साथ निगम की वर्तमान नीतियों तथा पद्धतियों पर भी विचार करना था।

निगम के कार्यों का संक्षिप्त विवरण

(रुपए, करोड़ों में)

	मंजूरियां (निवल)			
	कम विकसित क्षेत्र	अन्य क्षेत्र	जोड़	संवितरण
ऋण				
—रुपया	13.25	17.72	30.97	18.04
—विदेशी मुद्रा	0.09	3.42	3.51	2.95
हामीदारियां तथा प्रत्यक्ष अभिदान	0.76	3.92	4.68	1.00
आस्थगित अदायगी गारंटियां	—	—	—	0.11
	14.10	25.06	39.16	22.10

वित्तपोषित परियोजनायें उद्योग वार

उर्वरक	5	रबर उत्पाद	2	चीनी	10
लोहा और इस्पात	6	आटोमोबाइल कलपुर्जे	3	अलौह धातुएं	1
कागज	5	धातु उत्पाद	5	कृत्रिम रेशे	2
बिजली मशीनरी	7	कांच	3	रेल सड़क उपस्कर	1
रसायन	5	सूतीवस्त्र	4	अन्य	9

परियोजनाओं की कुल संख्या : 68 संस्थाओं की कुल संख्या : 65

वित्तीय सहायता के विशेष आयाम

कम विकसित क्षेत्रों में स्थित परियोजनाएं	17	नए उद्यमकर्ताओं/तकनीकियों द्वारा लगाई गई परियोजनाएं	13
वित्तपोषित सहकारिताएं	13	5 करोड़ रुपए की पूंजीगत लागत से कम की नई परियोजनाएं	24
वित्तपोषित नई परियोजनाएं	39		

30 जून, 1972 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के संचालक बोर्ड की रिपोर्ट

संचालक बोर्ड 30 जून, 1972 को समाप्त हुए वर्ष के परीक्षित लेखा विवरण के साथ निगम के कार्य संचालन के बारे में अपनी चौबीसवीं रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं।

निगम के कार्यों की समीक्षा

2. वर्ष के दौरान निगम ने 40.64 करोड़ रुपए की सकल वित्तीय सहायता मंजूर की। संमजित की गई मंजूरियों के बाद 68 परियोजनाओं को 39.16 करोड़ रुपए की निवल वित्तीय सहायता मंजूर की गई। विभिन्न उद्योगों से संबंधित इन परियोजनाओं की कुल पूंजीगत लागत 404.70 करोड़ रुपए है। प्रत्येक परियोजना को मंजूर वित्तीय सहायता का ब्योरा परिशिष्ट 'क' में दिया गया है।

निगम ने अन्य अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं अर्थात् भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भारतीय औद्योगिक ऋण एवं साख निगम, जीवन बीमा निगम तथा यूनिट ट्रस्ट आफ इण्डिया के साथ मिलकर कार्य किया। निगम ने जिन परियोजनाओं को अन्य वित्तीय संस्थाओं के साथ संयुक्त रूप से वित्तीय सहायता प्रदान की उनकी पूंजीगत लागत 327.23 करोड़ रुपए की लगभग है। इस वर्ष के दौरान उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों के जिन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को वित्तीय सहायता मंजूर की गई, उनकी समीक्षा नीचे दी गई है।

वर्ष के दौरान वित्तपोषित परियोजनायें

उर्वरक

3. निगम ने चार नई उर्वरक परियोजनायें लगाने के लिए तथा एक परियोजना के विशाखन कार्यक्रम के लिए 7.73 करोड़ रुपए मंजूर किये। इन परियोजनाओं की लागत का अनुमान 247 करोड़ रुपए है।

साउदर्न पेट्रोकेमिकल इन्डस्ट्रीज कारपोरेशन लि० का संकलित उर्वरक कारखाना तमिलनाडु में तुतिकोरिन के पास संयुक्त क्षेत्र में लगाया जा रहा है। यह कारखाना प्रतिवर्ष 3,52,000 टन अमोनिया का उत्पादन करेगा जिसका अधिक भाग 5,12,000 टन दानेदार उर्वरक ग्रेड यूरिया, 28,000 डायमोनियम फास्फेट तथा 1,60,000 टन एन० पी० के० मिश्रित खाद बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। इस परियोजना को निगम ने 3 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता मंजूर की। परियोजना की लागत का अनुमान 71 करोड़ रुपए है जिसमें से 40 प्रतिशत भाग विदेशी मुद्रा में होगा। इस परियोजना को तूतिकोरिन में विकसित गहन समुद्री बंदरगाह का सभी मौसमों के लिए लाभ प्राप्त होगा।

निगम से सहायता, प्राप्त करने वाली संयुक्त क्षेत्र की मंगलोर केमिकल्स एण्ड फर्टलाइजर्स लि० एक अन्य परियोजना है। यह परियोजना मैसूर के कम विकसित जिले दक्षिणी कनारा में लगाई जा रही है। इसमें प्रतिवर्ष 2,17,800 टन अमोनिया तथा 3,40,000 टन यूरिया का उत्पादन किया जाएगा। इस परियोजना के लिए निगम ने 1.60 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की है। परियोजता की लागत का अनुमान 58.05 करोड़ रुपए है। जिसका 36 प्रतिशत भाग विदेशी मुद्रा में होगा।

निगम ने इण्डियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लि० को भी 3 करोड़ रुपए की सहायता गुजरात के अधिसूचित कम विकसित जिलों के कलोल और कांडला नामक स्थानों पर दो परियोजनाएं लगाने के लिए मंजूर की गई। भारत की यह सहकारिता उर्वरक उद्योग में अपने प्रकार की एक ही है। इसकी स्थापना कोपरेटिव फर्टिलाइजर इन्टरनेशनल, चिकागो के तकनीकी तथा प्रशासनिक सहयोग से की गई तथा इसका प्रवर्तन सहकारिताओं के संघ तथा भारत सरकार ने किया, जिसका इस परियोजना में भारी जोखिम है। प्राकृतिक गैस को मूल आधार बनाकर इसकी कलोल इकाई प्रतिवर्ष 3,00,300 टन अमोनिया का उत्पादन करेगी, इसका अधिक भाग 3,96,000 टन यूरिया उत्पादन में प्रयोग किया जाएगा। कांडला की इकाई प्रतिवर्ष 3,75,500 टन मिश्रित खादों का उत्पादन करेगी। परियोजना की लागत का अनुमान 91.60 करोड़ रुपए है, जिसमें 30.6 प्रतिशत भाग विदेशी मुद्रा में होगा।

लोहा और इस्पात

4. लोहा तथा इस्पात उद्योग को 3.19 करोड़ रुपए की सहायता प्राप्त हुई। 8.74 करोड़ रुपए की लागत वाली 5 परियोजनाओं को 2.44 करोड़ रुपए मंजूर किए गए। निगम ने पहले से वित्तपोषित संस्था टाटा आयरन एण्ड स्टील कम्पनी लिमिटेड को इसके आधुनिकीकरण तथा विशाखन कार्यक्रमों के लिए 75 लाख रुपए की अतिरिक्त सहायता मंजूर की।

केरल राज्य औद्योगिक विकास निगम लि० द्वारा संयुक्त क्षेत्र में प्रवर्तित स्टील कम्पलेक्स लि०, को 42.57 लाख रुपए मंजूर किए गए। अनुमानतः इस परियोजना की लागत 3.22 करोड़ रुपए होगी। इसको प्रतिवर्ष 37,000 टन नरम, मध्यम कार्बन तथा लोचदार इस्पात पिंडों और सिल्लियों के उत्पादन करने के लिए वित्तीय सहायता मंजूर की गई। इनमें से एक परियोजना उत्तर प्रदेश के अधिसूचित कम विकसित जिले उन्नाव में लगाई जाएगी। जिसकी लागत 1.20 करोड़ रुपए होगी। इस परियोजना को 55 लाख रुपए मंजूर किए गये।

निगम के द्वारा पहले से वित्तपोषित राठी अलाय एण्ड स्टील लि० को नरम इस्पात, उच्च कार्बन्न तथा धातु इस्पात पिंडों की प्रति वर्ष 17,000 टन विस्थापित क्षमता बढ़ाने के लिए 31.17 लाख रुपए मंजूर किए गए। परियोजना लागत का अनुमान 1.74 करोड़ रुपए होने का है।

इन परियोजनाओं के स्थापित हो जाने से इस्पात पिंडों तथा सिल्लियों की भारी कमी दूर हो जाएगी तथा उनके क्षेत्रीय विभाजन से यातायात सुविधाओं पर भार कम हो जाएगा।

धातु इस्पात

5. निगम ने पहली बार धातु इस्पात खान परियोजना के लिए 75 लाख रुपए का ऋण मंजूर किया। यह सहायता संयुक्त क्षेत्र में बोलानी ओरस लि० के प्रगतिशील यंत्रीकरण योजना को लागू करने के लिए मंजूर की गई। इसका उद्देश्य प्रतिमास 1,30,000 टन कच्चा धातु तथा 80,000 टन धातु निकालना है। ये धातुएं अधिकतर दुर्गापुर इस्पात संयन्त्र को भेजी जाएगी। यह परियोजना उड़ीसा के अधिसूचित कम विकसित जिले कोयनझर में लगाई जाएगी, परियोजना लागत का अनुमान 4.11 करोड़ रुपए है।

कागज और कागज उत्पाद

6. निगम ने कागज उद्योग की 5 परियोजनाओं को 1.88 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता मंजूर की, इन परियोजनाओं की कुल लागत 22.27 करोड़ रुपए होने का अनुमान है।

निगम ने अशोक पेपर मिल्ज लि० को जिसमें निगम का भारी जोखिम है एक करोड़ रुपए की अतिरिक्त सहायता मंजूर की, इसका उद्देश्य असम के कम विकसित जिले गोलपारा में लिखाई तथा छपाई कागज बनाने के लिए और बिहार के कम विकसित जिले दरभंगा में विशेष प्रकार के कागज बनाने के लिए इकाइयां लगाना है। इन दोनों परियोजनाओं की लागत का अनुमान 19.61 करोड़ रुपए है।

निगम ने एक नए उद्यमकर्ता द्वारा स्थापित हरियाणा कोट्ड पेपरज लि० को 50.69 लाख रुपए मंजूर किए। 76 लाख रुपए की लागत की यह परियोजना हरियाणा के गुडगांव जिले में लगाई जाएगी। यह प्रतिवर्ष 1,800 टन आर्ट तथा करोमों कागज का उत्पादन करेगी।

निगम ने गुजरात में वापी के स्थान पर लगने वाली परियोजना के लिए 32 लाख रुपए मंजूर किए। यह परियोजना प्रतिवर्ष 3,000 टन उत्तम कोटि कागज तथा बोर्ड का उत्पादन करेगी। परियोजना की लागत का अनुमान 1.80 करोड़ रुपए है। देश में

प्रथम बार उच्च ग्लोस कास्ट कोटेड कागज उत्पादन से निर्यात कार्यक्रमों के विज्ञापन में विशेष सहायता मिलेगी। इन परियोजनाओं के लागू हो जाने से कागज उद्योग की अतिरिक्त क्षमता 44,800 टन प्रति वर्ष हो जाएगी। वर्तमान 8.82 लाख टन की क्षमता में यह एक महत्वपूर्ण बृद्धि है, परन्तु देश में बढ़ती हुई शिक्षा सुविधाओं तथा उद्योग की मांग बढ़ने से कागज की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिए इसे और बढ़ाने की आवश्यकता है।

बिजली और मशीनरी

7. निगम ने बिजली मशीनरी की सात परियोजनाओं को 1.62 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता मंजूर की, इनकी लागत 4.78 करोड़ रुपए है।

हरियाणा की एक संस्था को विस्तार कार्यों के लिए 47 लाख रुपए की सहायता मंजूर की गई, परियोजना की लागत का अनुमान 99 लाख रुपए है। इस विस्तार कार्यक्रम के पूरा हो जाने से हार्स पावर मोटरों का उत्पादन 20,000 प्रति वर्ष से 2,20,000 प्रति वर्ष हो जाएगा। पंखों का वर्तमान प्रति वर्ष 1,00,000 के उत्पादन से दुगना 2,00,000 हो जाएगा और लिमिटेशनों का उत्पादन 200 टन से 1,300 टन होने की आशा है। इसके अतिरिक्त परियोजना सामान्य प्रयोग की मोटरों तथा स्टाटर रोटर सेटों का उत्पादन करेगी। परियोजना लगभग 780 व्यक्तियों को अतिरिक्त रोजगार देगी। यह विस्तार कार्यक्रम न केवल कम्पनी के उत्पादों को बढ़ती हुई मांग को पूरा करेगा अपितु देश के निर्यात कार्यक्रम में भी पूरा योगदान देगा।

निगम ने 66 के० वी० करंट तथा शक्ति ट्रांसफारमरों का उत्पादन करने, कुछ सन्तुलन उपस्करों को खरीदने तथा एक शोध एवं विकास शाखा स्थापित करने के लिए परियोजना के विस्तार कार्यक्रम को 35 लाख रुपए मंजूर किए। इस विस्तार योजना के कार्यक्रम के लिए पूरा होने में लगभग 75.32 लाख रुपए व्यय होंगे। कम्पनी मेंगलिट तथा जिरकोम के पुर्जों का भी उत्पादन करेगी, आजकल इनका आयात किया जाता है।

निगम ने आंध्र प्रदेश तथा मध्य प्रदेश में लगने वाली दो परियोजनाओं, अर्थात् केपिटल लाइटिंग एण्ड इलेक्ट्रोनिक प्रोडक्टस् लि० तथा ग्वालियर लैम्पस एण्ड इलेक्ट्रिकल्स लि०, प्रत्येक को 29.32 लाख रुपए मंजूर किए। इनमें से प्रत्येक इकाई 45 लाख जी० एल० एस० लेम्पों का उत्पादन करेगी। इनका प्रवर्तन नए उद्यमकर्ताओं ने किया है जिनमें से एक औद्योगिकीविज्ञ है। इसका प्रवर्तन सल्वानिया एण्ड लक्ष्मण लि० की सहायता से हुआ है। इन्हें फ्लोरेंसेंट ट्यूबें, लैम्प, कांच के सैल बनाने के लिए नई दिल्ली में फैक्ट्री लगाने हेतु सहायता प्राप्त हुई और बाद में विस्तार कार्यक्रम के लिए सहायता दी गई। प्रत्येक परियोजना की लागत 62.82 लाख रुपए होगी, जो ग्रामीण विद्युतीकरण तथा नागरीकरण के परिणामस्वरूप जी० एल० एस० लैम्पों की मांग को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगी। निगम ने इस उद्योग की तीन अन्य परियोजनाओं को भी सहायता मंजूर की है।

ट्रैक्टर

8. निगम ने पंजाब ट्रैक्टर्स लि० को 1.09 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता मंजूर की, इस कम्पनी का प्रवर्तन प्रतिवर्ष 20 से 30 हार्स पावर तक के 5,000 'स्वराज' ट्रैक्टरों का निर्माण करने के लिए पंजाब राज्य औद्योगिक विकास निगम लि० ने किया है। इस परियोजना की विशिष्टता यह होगी कि कल पुर्जों की 80 प्रतिशत से अधिक की जरूरतें सहायक उद्योगों से पूरी की जाएगी। जिसके परिणामस्वरूप 190 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा तथा 4,000 व्यक्ति इन सहायक इकाइयों में रोजगार प्राप्त कर सकेंगे। इसकी एक अन्य महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि यह परियोजना केन्द्रीय मेकेनिकल इंजीनियरिंग, शोध संस्थान, दुर्गापुर द्वारा विकसित देशी जानकारी पर निर्भर रहेगा और इसको राष्ट्रीय शोध विकास निगम के माध्यम से लाइसेंस मिला है, 'स्वराज' ट्रैक्टर छोटे किसानों की जरूरतें को पूरा करेगा। परियोजना पर 3.70 करोड़ रुपए व्यय होने का अनुमान है। हरित क्रान्ति से बढ़ती हुई ट्रैक्टरों की मांग को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगी। इस परियोजना से आयात प्रतिस्थापन के द्वारा विदेशी मुद्रा बचत में भी सहायता मिलेगी।

रसायन

9. निगम ने रसायन उद्योग की परियोजनाओं को 1.71 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की, इनकी कुल लागत 15.52 करोड़ रुपए होने का अनुमान है।

केरल सरकार के उपक्रम ट्रावनकोर कोचीन केमिकल्स लि० को एक करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता मंजूर की गई, यह सहायता प्रतिवर्ष 33,000 टन कास्टिक सोडे का उत्पादन करने के लिए दूसरी इकाई लगाने के लिए दी गई। परियोजना की लागत का अनुमान 9.95 करोड़ रुपए होने का है। निगम ने आन्ध्र सुगर्स लि० को भी 53.03 लाख रुपए की सहायता मंजूर की गई। यह सहायता प्रतिदिन 30 टन से 100 टन कास्टिक सोडे का उत्पादन करने के लिए दी गई है। परियोजना पर कुल 4.94 करोड़ रुपए व्यय होंगे। इस परियोजना के पूरे हो जाने से कम मात्रा में उपलब्ध तथा विभिन्न उद्योगों में इस्तेमाल होने वाले कास्टिक सोडे जैसे महत्वपूर्ण रसायन की उत्पादन क्षमता काफी बढ़ जाएगी।

आटोमोबाइल टायर

10. निगम ने मोदी रबर लि० को प्रति वर्ष 4,00,000 टायर और ट्यूबें बनाने के लिए 3 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की। इस परियोजना की लागत 19 करोड़ रुपए है। कुछ वर्षों से उत्तर प्रदेश में स्थापित होने वाली यह एक बड़ी परियोजना है। 500 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करने के अतिरिक्त यह परियोजना बहुत से सहायक उद्योगों में अतिरिक्त रोजगार प्रदान करेगी। इसकी स्थापना पश्चिमी जर्मनी के प्रसिद्ध टायर उत्पादक कन्टीनेन्टल गुमिवर्के की तकनीकी सहायता से हो रही है। यह अधिकतर ट्रकों, बसों, ट्रैक्टरों, तथा उत्तर प्रदेश में चलने वाली पशु गाड़ियों के लिए बड़े टायरों का निर्माण करेगी। परियोजना बढ़ती हुई परिवहन जरूरतों को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगी, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र में जहां पर कृषि तथा औद्योगिक उत्पादन के बढ़ जाने से विकसित संचार की जरूरत होगी। यह भी आशा है कि यह परियोजना बड़ी गाड़ियों के लिए नाइलोन टायरों का निर्यात कर विदेशी मुद्रा अर्जित करेगी।

आटोमोबाइल तथा आटोमोबाइल कल पुर्जे

11. निगम ने आटोमोबाइल तथा आटोमोबाइल कल पुर्जे उद्योग की 6 परियोजनाओं को 1.41 करोड़ रुपए मंजूर किए।

नए उद्यमकर्ता द्वारा स्थापित ग्लोब स्टीयरिंग लि०, को 18 लाख रुपए की सहायता मंजूर की गई। देश में पहली बार इस परियोजना का प्रतिवर्ष 25,000 आटोमोबाइल स्टीयरिंग गियरों के सेट बनाने का अनुमान है। इसकी स्थापना संयुक्त राज्य के एडवेस्ट इंजीनियरिंग लि० की सहायता से हुई है। परियोजना की लागत का अनुमान 91 लाख रुपए है, यह आयात प्रतिस्थापन के द्वारा विदेशी मुद्रा की बचत में योगदान देगी।

निगम ने पहले से वित्तपोषित इंफिल्ड इंडिया लि० को 50 लाख रुपए की सहायता मंजूर की। इस सहायता का उपयोग प्रति वर्ष 14,000 मोटर साइकिलें बनाने के लिए क्षमता बढ़ाने के लिए किया जाएगा। तमिलनाडु के रामानाथापुरम जिले के कम विकसित क्षेत्र में लगने वाली इस परियोजना की लागत 1.18 करोड़ रुपए के लगभग होगी।

मैसूर की एक परियोजना को इसके वर्तमान बैंगलोर संयन्त्र में भारी विस्तार तथा महाराष्ट्र के नासिक स्थान पर नई इकाई के लिए 60 लाख रुपए मंजूर किए। 25.80 करोड़ रुपए की लागत वाली इन दो परियोजनाओं के लागू हो जाने से ईंधन डालने वाले यन्त्रों तथा स्पार्क प्लगों की काफी विस्थापित क्षमता बढ़ जाएगी।

धातु उत्पाद

12. निगम ने धातु उत्पादों की पांच परियोजनाओं को 1.92 करोड़ रुपए मंजूर किए।

निगम ने हरियाणा की एक परियोजना को काले और चमकीले इस्पात नल बनाने के लिए 56 लाख रुपए की सहायता मंजूर की और इस परियोजना की लागत का अनुमान एक करोड़ रुपए है। एक अन्य संस्था को प्रतिवर्ष 39,000 टन इस्पात खम्बे बनाने के लिए 47.43 लाख रुपए की सहायता मंजूर की गई। उत्तर प्रदेश के कम विकसित जिले उन्नाव में लगने वाली इस परियोजना की लागत का अनुमान 93 लाख रुपए है।

निगम ने प्रति वर्ष 2,400 टन इस्पात की पत्तियों को कठोर करने तथा ताप देने के लिए 66.20 लाख रुपए मंजूर किए। देश में अपने प्रकार की पहली इस परियोजना की लागत 2.17 करोड़ रुपए होगी। इस परियोजना की स्थापना पश्चिमी जर्मनी की हौच ए० जी० वाजवेर्क होसेनलिम्बर्ग के सहयोग से राजस्थान में की जाएगी।

एक परियोजना को पुनर्स्थापना के लिए सहायता मंजूर की गई।

कांच

13. कांच उद्योग में तीन परियोजनाओं को 56 लाख रुपए मंजूर किए गए। इन परियोजनाओं की लागत का अनुमान 2.93 करोड़ रुपए है।

निगम ने प्रति वर्ष 37,500 टन कांच के खोखले तथा चमकीले बर्तन बनाने के लिए दो परियोजनाओं को 45 लाख रुपए मंजूर किए। इनमें से एसोसियेटेड ग्लास इन्डस्ट्रीज लि० का प्रवर्तन आन्ध्र प्रदेश औद्योगिक विकास निगम लि० ने किया है तथा अन्य एक्सल ग्लास्स लि० का केरल के कम विकसित जिले में केरल राज्य औद्योगिक विकास निगम लि० ने किया है। इन दोनों परियोजनाओं की कुल लागत का अनुमान 2.75 करोड़ रुपए है। निगम ने पहले से वित्तपोषित एक इकाई के विस्तार तथा विशाखन कार्यक्रम के लिए भी सहायता मंजूर की है।

सूती वस्त्र

14. सूती वस्त्र उद्योग में चार परियोजनाओं को 1.45 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की गई। इन परियोजनाओं की कुल लागत 2.26 करोड़ रुपए होने का अनुमान है।

निगम ने नासिक डिस्ट्रिक्ट कोओपरेटिव स्पिनिंग मिल्स लि० को 12,320 पूरक तकुओं वाली कताई मिल लगाने के लिए 54 लाख रुपए मंजूर किए। 1.14 करोड़ रुपए की लागत से बनी यह परियोजना 250 व्यक्तियों को रोजगार प्रदान करेगी। इसके उत्पादन को महाराष्ट्र के हथकर्घा केन्द्र मलगांव में बेचा जाएगा, जो शक्ति कर्घा केन्द्र है।

निगम ने दो सूती वस्त्र मिलों को उनकी विस्तार तथा विशाखन कार्यक्रमों के लिए 85.21 लाख रुपए मंजूर किए। ये मिल अपने उत्पादन का काफी भाग निर्यात कर रही है। और निगम की सहायता से निर्यात बाजारों में इनकी स्थिति और सुदृढ़ हो जाएगी।

चीनी

15. निगम चीनी सहकारिताओं को काफी सहायता प्रदान करता रहा है। निगम ने 10 चीनी सहकारिताओं को 9.45 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की। यह सहायता चार नई फैक्ट्रियां लगाने के लिए दी गई, प्रत्येक की दैनिक गन्ना पेरने की क्षमता 1250 टन होगी और 5 इकाइयों को उनके विस्तार कार्यक्रमों के लिए सहायता दी गई, परिणामस्वरूप उनकी दैनिक क्षमता 3,600 टन हो जाएगी। एक सहकारिता को अधूरे बने संयन्त्र खरीदने तथा आगामी पूंजी व्यय को पूरा करने के लिए सहायता दी गई। इस वर्ष के दौरान सहायता प्राप्त करने वाली चीनी सहकारिताओं में से तीन अपने कारखाने महाराष्ट्र के औसमानाबाद बुलडाना तथा धुलिया अधिसूचित कम विकसित जिलों में लगा रही हैं। कम विकसित जिले औसमानाबाद की इकाई विस्तार कार्यक्रम में लगी है।

नये उद्यमकर्ताओं तथा व्यवसायिकों को सहायता

16. नए उद्यमकर्ताओं तथा व्यवसायिकों को प्रोत्साहन देने की नीति के अनुरूप निगम ने इनके द्वारा लगाई गई 13 परियोजनाओं को सहायता मंजूर की।

व्यवसायिकों द्वारा लगाई गई परियोजना सूरी एण्ड नायर लि० को 70 लाख रुपए मंजूर किए गए। यह परियोजना बंगलौर के समीप लगाई जाएगी, इसमें 47 हार्स पावर से लेकर 600 हार्स पावर तक के डीजल इंजनों तथा आटोमोबाइल गियरों का निर्माण किया जाएगा। देश में पहली बार ही देशी जानकारी से डीजल लोकोमोटिव जैसे संस्कारित उत्पाद का निर्माण किया जा रहा है। परियोजना की लागत का अनुमान 1.14 करोड़ रुपए होने का है। यह परियोजना आयात प्रतिस्थापन करेगी तथा 400 से अधिक व्यक्तियों को रोजगार प्रदान करेगी।

संयुक्त क्षेत्र की परियोजनाओं की सहायता

17. वर्ष के दौरान निगम द्वारा मंजूर कुल सहायता में से संयुक्त क्षेत्र की परियोजनाओं को 7.32 करोड़ रुपए मंजूर किए गए, इन परियोजनाओं की कुल पूंजी लागत 142.93 करोड़ रुपए है। ये परियोजनाएं उर्वरक, नरम इस्पात, कांच, ट्रैक्टर, तथा लोह धातु खनन उद्योगों से सम्बन्धित हैं। अधिकतर ये परियोजनाएं विभिन्न राज्य उद्योग विकास निगमों के सहयोग से उद्यमकर्ताओं ने निजी क्षेत्र में स्थापित की हैं।

सहायता के लिए आवेदन

18. वर्ष के दौरान वित्तीय सहायता के लिए 92 संस्थाओं से आवेदन पत्र प्राप्त हुए। इनमें से बीस आवेदन पत्र ऐसे थे जिनमें अन्य अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं के साथ मिलकर संयुक्त रूप से वित्त व्यवस्था की जानी थी। वर्ष के दौरान आवेदन पत्रों का सुविधावार ब्योरा नीचे दिया गया है।

सुविधा	(रुपए करोड़ों में)
ऋण	
—रुपया	130.13
—विदेशी मुद्रा	7.61
हामीदारियां	24.33
आस्थगित अदायगी गारंटियां	0.90
	162.97

19. वर्ष के प्रारम्भ में 89.45 करोड़ रुपए के लिए चार संस्थाओं के आवेदन पत्र निगम के पास विचाराधीन थे, इनकी वित्त व्यवस्था अन्य अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं के साथ मिलकर संयुक्त रूप से की जानी थी। इसके अतिरिक्त निगम से सहायता प्राप्त करने के लिए 13 संस्थाओं के 8.75 करोड़ रुपए के आवेदन पत्र निगम के पास परीक्षाधीन थे।

20. वर्ष के दौरान 65 संस्थाओं को वित्तीय सहायता मंजूर की गई, इनमें से 17 मामलों में संयुक्त रूप से वित्त व्यवस्था की जानी थी तथा अन्य 48 मामलों में निगम ने ही वित्त प्रदान करना था।

वर्ष के दौरान चार संस्थाओं के आवेदन पत्र वापिस लिए मान लिए गए और एक आवेदन पत्र नामंजूर कर दिया क्योंकि निगम का विचार था कि कम्पनी का प्रस्ताव एक निवेश संस्था के अधिक उपयुक्त है न कि निगम जैसे विकास बैंक के लिए वर्ष के दौरान दो आवेदन पत्र रद्द मान लिए गए।

21. वर्ष के अंत में 7 संस्थाओं से 23.05 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता के लिए जांच की विभिन्न अवस्थाओं में थे, इन मामलों में अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं के साथ मिल कर वित्त व्यवस्था की जानी थी। इसके अतिरिक्त निगम से 29.99 करोड़ रुपए की सहायता प्राप्त करने के लिए 31 संस्थाओं के पत्र विचाराधीन थे। कुल मिलाकर 38 संस्थाओं के 53.04 करोड़ रुपए की सहायता के लिए आवेदन पत्र विचाराधीन थे, इनमें एक आवेदन पत्र ऐसा था जिसमें वर्ष के दौरान वित्तीय सहायता का कुछ भाग मंजूर किया गया।

22. 45 संस्थाओं से निगम द्वारा प्राप्त आवेदन पत्र कुछ महत्वपूर्ण बातों में अधूरे थे और इन पर भी कार्यवाही की जा रही है। एक विवरण रिपोर्ट के परिशिष्ट 'घ' में दिया गया है जिसमें राज्यवार विचाराधीन आवेदन पत्र, वर्ष के दौरान प्राप्त, मंजूर किए गए आवेदन पत्र, वापिस लिए आवेदन पत्रों की संख्या दर्शाई गई है।

वित्तीय सहायता का उद्योगवार वितरण

23. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान मंजूर की गई वित्तीय सहायता तथा संवितरणों का उद्योगवार वितरण नीचे सारणी 1 में दिया गया है।

सारणी 1

(रुपए, लाखों में)

उद्योग	ऋण	हामीदारियां	जोड़	कुल का प्रतिशत	परियोजनाओं की संख्या	संवितरण
चीनी	945.00	—	945.00	24.1	10	631.00
उर्वरक	613.22	160.00	773.22	19.7	5	39.75
लोहा और इस्पात	213.74	105.00	318.74	8.2	6	46.04
रबर उत्पाद	250.67	50.00	300.67	7.7	2	74.75
धातु उत्पाद	175.68	16.00	191.68	4.9	5	87.13
कागज	177.42	11.00	188.42	4.8	5	46.29
बिजली मशीनरी	135.30	27.00	162.30	4.2	7	213.98
मूल धातु रसायन	152.29	5.00	157.29	4.0	3	5.35
वस्त्र	145.14	—	145.14	3.7	4	366.79
मोटर गाड़ियां	138.48	3.00	141.48	3.6	6	39.40
कृत्रिम रेशे	99.31	35.00	134.31	3.4	2	267.46
मशीनरी	84.21	25.00	109.21	2.8	1	143.25

1	2	3	4	5	6	7
लौह धातु	75.00	–	75.00	1.9	1	–
रेल रोड उपस्कर	60.00	10.00	70.00	1.8	1	–
पटसन	65.00	–	65.00	1.6	1	30.41
कांच	51.00	5.00	56.00	1.4	3	15.00
अलौह धातुएं	29.00	6.00	35.00	0.9	1	0.65
सीमेंट	20.00	–	20.00	0.5	1	36.00
नौपरिवहन	–	10.00	10.00	0.3	1	–
वनस्पति तेल तथा स्नेह	7.50	–	7.50	0.2	1	31.78
विविध धातु उत्पाद	6.00	–	6.00	0.2	1	78.46
खाद्य निर्माण उद्योग	3.85	–	35.8	0.1	1	–
चीनी मिट्टी बर्तन	–	–	–	–	–	13.75
गैस उत्पादन तथा वितरण	–	–	–	–	–	3.53
कोयला	–	–	–	–	–	30.00
लकड़ी तथा कार्क	–	–	–	–	–	9.50
जोड़	3447.81	468.00	3915.81	100.0	68	2210.27

24. 39 नई परियोजनाओं को 28.53 करोड़ रुपए (कुल सहायता का 72.8 प्रतिशत) की सहायता मंजूर की गई, शेष 10.63 करोड़ रुपए की सहायता वर्तमान उपक्रमों के विस्तार, विशाखन तथा आधुनिकीकरण के लिए दी गई। वर्ष के दौरान निगम से सहायता प्राप्त करने वाली इन परियोजनाओं की कुल लागत 404.70 करोड़ रुपए है और निगम की सहायता इस लागत का 9.7 प्रतिशत के लगभग है।

निगम द्वारा वित्तपोषित इन 68 परियोजनाओं में से 17 परियोजनाएं विदेशी सहयोग से स्थापित हुई।

वित्तीय सहायता का राज्यवार वितरण

25. इस वर्ष के दौरान निगम द्वारा मंजूर की गई वित्तीय सहायता तथा संवितरणों का राज्यवार वितरण नीचे सारणी 2 में दिया गया है।

सारणी 2

(रुपए, लाखों में)

राज्य	ऋण	हामीदारियां	जोड़	कुल का प्रतिशत	परियोजनाओं की संख्या	संवितरण
महाराष्ट्र	996.38	13.00	1009.38	25.8	19	724.88
तमिलनाडु	355.26	135.00	490.26	12.5	6	215.24
उत्तर प्रदेश	410.50	76.00	486.50	12.4	8	294.92
गुजरात	429.22	16.00	445.22	11.4	6	113.60
मैसूर	220.00	70.00	290.00	7.4	3	123.21
हरियाणा	250.12	30.00	280.12	7.1	7	143.61
केरल	194.38	10.00	204.38	5.2	5	37.00
उड़ीसा	123.71	–	123.71	3.2	2	90.32
पंजाब	84.21	25.00	109.21	2.8	1	0.49
आन्ध्र प्रदेश	97.01	8.00	105.01	2.7	4	104.67
राजस्थान	95.70	7.00	102.70	2.6	2	100.27
असम	100.00	–	100.00	2.6	1	–
बिहार	–	75.00	75.00	1.9	2	45.59
पश्चिमी बंगाल	65.00	–	65.00	1.7	1	113.12
मध्य प्रदेश	26.32	3.00	29.32	0.7	1	112.85
जोड़	3447.81	468.00	3915.81	100.0	68	2210.27

26. निगम की सहायता 15 राज्यों को प्राप्त हुई। औद्योगिक रूप से कम विकसित प्रदेशों अर्थात् आन्ध्र प्रदेश, असम, बिहार, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश की औद्योगिक परियोजनाओं को 10.22 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की गई जो कुल मंजूर वित्तीय सहायता का 26.1 प्रतिशत है।

महाराष्ट्र को 10.09 करोड़ रुपए की सहायता प्राप्त हुई, जिसमें से 8.55 करोड़ रुपए अर्थात् 84.7 प्रतिशत चीनी सहकारिताओं को मंजूर किए गए।

इस वर्ष के दौरान प्रत्येक राज्य में जिन संस्थाओं को वित्तीय सहायता मंजूर की गई, उनके नाम और उनकी परियोजनाओं का विवरण रिपोर्ट के परिशिष्ट 'क' में दिया गया है।

वर्ष के दौरान मंजूर वित्तीय सहायता की कुछ उल्लेखनीय बातें

27. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान निगम ने अधिसूचित कम विकसित जिलों/क्षेत्रों की 17 परियोजनाओं को 14.10 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता मंजूर की, इन परियोजनाओं की कुल प्राक्कलित लागत 189.82 करोड़ रुपए थी।

28. नए उद्यमकर्ताओं तथा व्यवसायिकों द्वारा लगाई गई 13 परियोजनाओं को 3.73 करोड़ रुपए की सहायता प्राप्त हुई, इन परियोजनाओं की लागत 8.80 करोड़ रुपए होने का अनुमान है।

29. निगम ने केरल में स्थित एक सरकारी क्षेत्र के उपक्रम को 1 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता भी मंजूर की है।

निर्यात की दृष्टि से महत्वपूर्ण सूती वस्त्र मिलों को सहायता

30. इस वर्ष के दौरान भारत सरकार ने सूती वस्त्र उद्योग में निर्यात की दृष्टि से महत्वपूर्ण मिलों के आधुनिकीकरण की एक योजना लागू की है। यह योजना उन सभी मिलों पर लागू होगी जिन्होंने पिछले दो वित्तीय वर्षों में अपने उत्पादन का 15 प्रतिशत से अधिक भाग निर्यात किया, चाहे वे कताई, बुनाई, जथवा संयुक्त मिलें हैं। इस प्रकार की इकाइयों को निगम से रियायती दर पर सहायता मिलेगी।

यद्यपि निगम इस योजना के अधीन आधुनिकीकरण के सभी ऋण आवेदन पत्रों पर विचार करेगा, लेकिन निगम आवेदक इकाइयों की तकनीकी तथा आर्थिक व्यवहार्यता को निश्चित करने के लिए अपनी सामान्य कसौटी से ही काम लेगा।

ब्याज की दर

31. इस वर्ष के दौरान ब्याज दर में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। रुपया ऋणों पर यह 8½% वार्षिक तथा विदेशी मुद्रा में उप-ऋणों पर 9 वार्षिकी रहीं। रिपोर्ट में अन्य स्थान पर उल्लिखित कुछ शर्तों के अधीन अधिसूचित कम विकसित जिलों/क्षेत्रों की परियोजनाओं पर यह दर 7% वार्षिकी है।

पहली जुलाई, 1948 से 30 जून, 1972 की अवधि में किये गये कुल कार्य

32. निगम ने 30 जून, 1972 तक 521 संस्थाओं की 565 परियोजनाओं को 397.86 करोड़ रुपए की निवल वित्तीय सहायता मंजूर की। संवितरणों की राशि 340.86 करोड़ रुपए थी, जिनमें से नकद संवितरण 289.77 करोड़ रुपए हुआ। समीक्षाधीन वर्ष के अंत में कुल बकाया राशि 203.79 करोड़ रुपए थी। नीचे की सारणी में 30 जून, 1972 की मंजूरियां की संख्या, निवल मंजूरियां, संवितरित तथा बकाया राशि दर्शाई गई है।

सारणी 3

(रुपए, करोड़ों में)

	मंजूरियां (निवल)		संवितरित सहायता	बकाया सहायता
	संख्या	रकम	रकम	रकम
1. ऋण				
—रुपया	730	264.31	227.65	141.07
—विदेशी मुद्रा	177	47.20	38.42	27.42
जोड़	907	311.51	266.07	168.49
2. हामीदारियां				
—साधारण शेयर	153	13.56	7.97	6.38
—अधिमान शेयर	121	8.09	5.58	3.70
—डिबेंचर	22	9.98	7.58	4.68
जोड़	296	31.63	21.13	14.76

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	
3. प्रत्यक्ष अभिदान					
—साधारण शेयर	17	0.98	0.62	1.43	(क)
—अधिमान शेयर	6	0.25	0.13	0.66	(क)
—डिबेंचर	1	1.82	1.82	1.37	
1 से 3 तक का जोड़	24	3.05	2.57	3.46	
जोड़	1227	346.19	289.77	186.71	
4. गारंटियां					
—आस्थगित अदायगी के लिए	41	28.20	27.76	5.88	(ख)
—विदेशी ऋणों के लिए	5	23.47	23.33	11.20	(ख)
जोड़	46	51.67	51.09	17.08	
कुल जोड़	1273	397.86	340.86	203.79	

(क) इसमें 6 कम्पनियों का 1.28 करोड़ रुपए के बकाया ऋण भी सम्मिलित हैं, जिन्हें शेयरों में बदल दिया गया और एक दूसरी कम्पनी के 0.06 करोड़ रुपए के डिबेंचर भी सम्मिलित हैं, जिन्हें साधारण शेयरों में बदल दिया गया।

(ख) वास्तव में जारी की गई गारंटियां।

पहली जुलाई, 1948 से 30 जून, 1972 तक की अवधि में प्रत्येक वर्ष मंजूर और संवितरित की गई निवल वित्तीय सहायता

33. पिछले चौबीस वर्षों की अवधि में निगम ने प्रत्येक वर्ष जो कुल निवल वित्तीय सहायता मंजूर और संवितरित की है, उसका पंचवर्षीय योजनाओं के अनुसार किया गया वर्गीकरण निम्न सारणी में दिया गया है।

सारणी 4

(रुपए, करोड़ों में)

30 जून को समाप्त हुआ वर्ष	वर्ष के दौरान मंजूर की गई निवल वित्तीय सहायता				इस वर्ष के दौरान संवितरित रकम			
	ऋण	हामीदारियां	गारंटियां	जोड़	ऋण	हामीदारियां	गारंटियां	जोड़
पहली पंचवर्षीय योजना से पहले की अवधि								
1949	3.25	—	—	3.25	1.33	—	—	1.33
1950	2.90	—	—	2.90	2.08	—	—	2.08
1951	1.98	—	—	1.98	2.38	—	—	2.38
जोड़	8.13	—	—	8.13	5.79	—	—	5.79
पहली पंचवर्षीय योजना की अवधि								
1952	3.20	—	—	3.20	1.78	—	—	1.78
1953	0.53	—	—	0.53	2.50	—	—	2.50
1954	4.10	—	—	4.10	2.82	—	—	2.82
1955	5.13	—	—	5.13	1.64	—	—	1.64
1956	14.06	—	—	14.06	2.20	—	—	2.20
जोड़	27.02	—	—	27.02	10.94	—	—	10.94

दूसरी पंचवर्षीय योजना की अवधि								
1957	9.15	–	–	9.15	9.78	–	–	9.78
1958	5.93	0.75	1.82	8.50	8.33	–	–	8.33
1959	2.77	0.87	0.27	3.91	7.48	0.66	–	8.14
1960	12.62	0.10	6.06	18.78	8.41	0.17	2.09	10.67
1961	18.58	1.84	8.29	28.71	6.62	0.48	13.02	20.12
जोड़	49.05	3.56	16.44	69.05	40.62	1.31	15.11	57.04
तीसरी पंचवर्षीय योजना की अवधि								
1962	17.84	0.73	0.48	19.05	10.92	0.24	0.41	11.57
1963	19.82	4.63	10.62	35.07	15.05	3.99	3.18	22.22
1964	23.61	4.30	13.16	41.07	16.94	1.96	6.39	25.29
1965	19.39	3.55	3.92	26.86	19.79	3.36	14.65	37.80
1966	21.49	3.96	1.35	26.80	23.99	4.48	2.17	30.64
जोड़	102.15	17.17	29.53	148.85	86.69	14.03	26.80	127.52
वार्षिक योजनाएं								
1967	12.34	1.87	4.00	18.21	29.52	2.90	5.64	38.06
1968	15.70	1.49	0.85	18.04	23.35	1.06	2.61	27.02
1969	22.75	2.42	0.29	25.46	15.03	1.68	0.28	16.99
जोड़	50.79	5.78	5.14	61.71	67.90	5.64	8.53	82.07
चौथी पंचवर्षीय योजना की अवधि								
1970	11.86	1.19	0.14	13.19	16.86	0.85	0.34	18.05
1971	28.03	2.30	0.42	30.75	16.28	0.87	0.20	17.35
1972	34.48	4.68	–	39.16@	20.99	1.00	0.11	22.10
जोड़	74.37	8.17	0.56	83.10*	54.13	2.72	0.65	57.50
कुल जोड़	311.51	34.68*	51.67	397.86	266.07	23.70	51.09	340.86

*इसमें 3.05 करोड़ रुपए का प्रत्यक्ष अभिदान भी शामिल है।

@इनमें पहले से की गई मंजूरियों से सम्बन्धित 2.11 करोड़ रुपये का वर्ष के दौरान किया गया समायोजन शामिल नहीं है। पिछले वर्षों में इस प्रकार का समायोजन नहीं किया गया।

टिप्पणी : सारणी में दिए गए आंकड़े पिछले वर्षों की रिपोर्टों में दिए गए आंकड़ों से मेल नहीं खाते क्योंकि इनमें से कुछ मंजूरियां बाद में या तो वापस ले ली गईं या समंजित कर दी गईं।

सहकारी क्षेत्र के उद्योगों को वित्तीय सहायता

34. पंचवर्षीय योजनाओं में निर्धारित लक्ष्यों तथा केन्द्रीय सरकार की नीतियों के अनुरूप निगम सहकारी क्षेत्र की परियोजनाओं, विशेषकर चीनी तथा वस्त्र उद्योग को काफी सहायता देता रहा है। निगम ने सहकारी क्षेत्र की 105 परियोजनाओं को 30 जून, 1972 तक 87.45 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की, जो निगम की कुल मंजूरियों का 22 प्रतिशत है। सहायता का अधिकतर भाग अर्थात् 37.22 करोड़ रुपए 97 चीनी सहकारिताओं को प्राप्त हुआ। जबकि 22 सूती वस्त्र सहकारिताओं को 10.12 करोड़ रुपए मंजूर किए। एक पटसन सहकारिता (78.50 लाख रुपए), एक वनस्पति तेल निकालने वाली सहकारिता इकाई (22.50 लाख रुपए) तथा उर्वरक उद्योग की एक सहकारिता (3 करोड़ रुपए) की भी सहायता मंजूर की गई। कुल संवितरणों की राशि 72.88 करोड़ रुपए थी। 30 जून 1972 तक निगम से सहायता प्राप्त करने वाली सहकारिताओं में से 41 परियोजनाएं औद्योगिक रूप से अधिसूचित कम विकसित जिलों में स्थित हैं। इन परियोजनाओं को कुल 33.63 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता मंजूर की गई।

सभी मामलों में औद्योगिक सहकारिताओं को दी गई सहायता रुपया ऋणों के रूप में थी, फिर भी महाराष्ट्र की एक चीनी सहकारिता को 4.00 लाख जर्मनी मार्क का विदेशी मुद्रा उप-ऋण (7.86 लाख रुपए) दिया गया, जिसका पूरा उपयोग किया जा चुका है।

35. निगम द्वारा वित्तपोषित चीनी सहकारिताएं सम्पूर्ण भारत में फैली हुई हैं। लेकिन महाराष्ट्र गुजरात तथा मैसूर तमिलनाडु जैसे राज्यों में सहकारी आन्दोलन ने काफी प्रगति की है, इससे काफी चीनी सहकारिताएं पनप सकी हैं। इसके परिणामस्वरूप अन्य राज्यों की अपेक्षा इन राज्यों में निगम की सहायता प्राप्त करने वाली चीनी सहकारिताओं की संख्या भी अधिक है।

36. 30 जून, 1972 तक निगम द्वारा वित्तपोषित औद्योगिक सहकारिताओं का राज्यवार तथा उद्योगवार वितरण नीचे सारणी 5 में दिया गया है।

सारणी 5

(रुपये, लाखों में)

राज्य	चीनी		सूत-कताई		अन्य		कुल मंजरियां		कुल का प्रतिशत	कुल संवितरण	बकाया ऋण
	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि		राशि	राशि
आन्ध्र प्रदेश	6	585.00	3	110.00	—	—	9	695.00	7.9	600.00	369.44
असम	1	60.00	—	—	1*	78.50	2	138.50	1.6	138.50	80.44
बिहार	1	115.00	1	24.70	—	—	2	139.70	1.6	114.70	141.51
गुजरात	7	445.50	2	170.00	2@	300.00	11	915.50	10.5	513.50	398.20
हरियाणा	2	106.00	—	—	—	—	2	106.00	1.2	106.00	—
केरल	2	180.00	—	—	—	—	2	180.00	2.1	180.00	239.85
मध्य प्रदेश	1	80.00	1	40.00	—	—	2	120.00	1.4	120.00	120.00
महाराष्ट्र	32	3599.70	9	436.50	—	—	41	4036.20	46.2	3229.20	1885.13
मैसूर	8	627.75	2	79.00	1**	22.50	11	729.25	8.3	618.75	441.91
उड़ीसा	2	175.00	1	31.00	—	—	3	206.00	2.3	206.00	166.90
पंजाब	4	315.00	—	—	—	—	4	315.00	3.6	315.00	187.00
राजस्थान	1	80.00	1	45.50	—	—	2	125.50	1.4	113.00	116.49
तमिलनाडु	7	583.00	1	35.00	—	—	8	618.00	7.1	613.00	348.11
उत्तर प्रदेश	5	380.00	1	40.00	—	—	6	420.00	4.8	420.00	162.65
जोड़	79	7331.95	22	1011.70	4	401.00	105	8744.65	100.0	7287.65	4657.63

*पटसन सहकारिता @उर्वरक सहकारिता **वनस्पति तेल निकालने वाली मिल

37. निगम द्वारा वित्तपोषित इन 79 चीनी सहकारी परियोजनाओं की पूंजी लागत 152.49 करोड़ रुपए थी, इसमें से निगम ने 48.1 प्रतिशत दीर्घकालीन ऋण के रूप में प्रदान किया। जिन मामलों में सहकारी समितियों के उत्पादक सदस्य, राज्य सरकारें, सहकारी बैंक, जीवन बीमा निगम (कुछ मामलों में) तथा निगम परियोजना की पूंजी लागत में अपना योगदान देते हैं। वहां पर चीनी सहकारिताओं के प्रवर्तन के लिए एक समान पद्धति अपनाई गई है।

यद्यपि चीनी सहकारिताओं का विकास आर्थिक तथा सामाजिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक है, निगम को आवश्यक रूप से विस्तृत मूल्यांकन के आधार पर परियोजना की वित्तीय तथा तकनीकी व्यवहार्यता से संतुष्ट होना पड़ता है तथा ऋण मंजूर करने के पश्चात् अनुवर्ती कार्यवाही करनी होती है। कुछ मामलों को छोड़कर औद्योगिक परियोजनाओं को वित्त प्रदान करने की निगम की नीति बहुत सफल रही है, जिसका प्रमाण यह है कि निगम ने पहले से वित्तपोषित 18 परियोजनाओं को उनके विस्तार कार्यक्रमों के लिए सहायता मंजूर की है। निगम की नीतियों के अनुरूप चीनी तथा सूती वस्त्र सहकारिताओं के लिए आवेदन पत्रों तथा अन्य सम्बन्धित दस्तावेजों के मानकीकरण तथा सरलीकरण की ओर विशेष ध्यान दिया गया।

38. निगम सहकारिताओं को वचनबद्धता प्रभारों में विशेष रियायतें प्रदान कर रहा है। अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं द्वारा जुलाई, 1970 में घोषित रियायती वित्त की योजना सामान्यतः उन्हीं परियोजनाओं पर लागू होती है जहां परियोजना लागत एक करोड़ रुपए से अधिक न हो, परन्तु निगम सहकारिताओं को ये रियायतें उनकी पूंजी लागत को बिना ध्यान में रखे प्रदान करता है। निगम ने 6 सहकारिताओं को 6.36 करोड़ रुपए की निबल रियायती वित्तीय सहायता प्रदान की है।

सार्वजनिक कम्पनी को सहायता

39. निगम ने अपनी स्थापना से लेकर आज तक सार्वजनिक कंपनी क्षेत्र में विभिन्न उद्योगों की 460 परियोजनाओं को 310.41 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की है।

40. इस सहायता का उद्योगवार वितरण नीचे सारणी 6 में दिया गया है।

सारणी 6

(रुपये, लाखों में)

उद्योग	परियोजनाओं की संख्या	ऋण	हामीदारियां	गारंटियां	जोड़	कुल का प्रतिशत
वस्त्र						
—सूती	71	2680.55	197.50	278.21	3156.26	10.2
पटसन	13	511.81	—	—	511.81	1.6
रसायन और रसायन उत्पाद	43	2703.87	276.10	421.75	3401.72	10.9
अलौह धातुएं	11	938.97	301.00	1945.65	3185.62	10.3
उर्वरक	8	1073.82	384.43	1278.86	2737.11	8.8
कागज	29	1780.00	170.07	551.16	2501.23	8.1
धातु उत्पाद	57	1922.53	442.60	130.26	2495.39	8.0
सीमेंट	26	1680.16	210.89	18.54	1909.59	6.2
मशीनरी	23	1214.53	104.70	105.01	1424.24	4.6
बिजली उपस्कर	38	1248.02	167.24	—	1415.26	4.6
रबर उत्पाद	9	1005.41	77.00	265.61	1348.02	4.3
कृत्रिम रेशे	14	1091.49	131.25	42.35	1265.09	4.1
मोटर गाड़ियां	21	1002.66	203.00	26.95	1232.61	4.0
लोहा और इस्पात	11	779.22	252.25	—	1031.47	3.3
मृत्तिका शिल्प और कांच	24	779.04	43.00	—	822.04	2.6
चीनी	17	632.94	49.00	—	681.94	2.2
खनन और खदान	6	197.00	360.00	—	557.00	1.8
होटल	5	268.12	7.00	93.00	368.12	1.2
अन्य	34	896.31	90.40	9.61	996.32	3.2
जोड़ :	460	22406.45	3467.43	5166.96	31040.84	100.0

41. नीचे की सारणी में सार्वजनिक कम्पनी क्षेत्र को दी गई वित्तीय सहायता का राज्यवार वितरण दर्शाया गया है :

सारणी 7

(रुपये, लाखों में)

राज्य/क्षेत्र	परियोजनाओं की संख्या	ऋण	हामीदारियां	गारंटियां	जोड़	कुल का प्रतिशत
तमिलनाडु	56	3025.40	545.38	1227.06	4797.84	15.5
महाराष्ट्र	80	3321.37	571.28	375.93	4268.58	13.8
पश्चिमी बंगाल	70	3190.17	217.50	532.13	3939.80	12.7
उत्तर प्रदेश	38	2284.77	272.25	322.31	2879.33	9.3
बिहार	23	1443.05	288.00	329.75	2060.80	6.6
गुजरात	35	1686.03	187.32	127.30	2000.65	6.4
आन्ध्र प्रदेश	25	836.43	182.82	925.82	1945.07	6.3
मैसूर	30	1238.74	265.50	221.52	1725.76	5.6
राजस्थान	12	800.84	22.50	757.35	1580.69	5.1
केरल	17	1006.33	29.50	172.47	1208.30	3.9
हरियाणा	26	1035.87	104.38	20.08	1160.33	3.7
उड़ीसा	14	937.04	95.00	—	1032.04	3.3
मध्य प्रदेश	14	564.14	226.25	39.82	830.21	2.7
असम	5	263.29	350.00	—	613.29	2.0
पंजाब	8	427.36	25.00	9.96	462.32	1.5
दिल्ली	3	187.62	9.75	97.30	294.67	0.9
मेघालय	1	95.00	—	—	95.00	0.3
गोआ	1	—	75.00	—	75.00	0.2
पांडिचेरी	1	52.00	—	8.16	60.16	0.2
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	1	11.00	—	—	11.00	—
जोड़ :	460	22406.45	3467.43	5166.96	31040.84	100.0

रुपया ऋण

42. सार्वजनिक कम्पनी क्षेत्र को 176.94 करोड़ रुपए की रुपया ऋणों के रूप में दी गई सहायता कुल सहायता का 57 प्रतिशत है। रुपया ऋणों में 154-85 करोड़ रुपए का संवितरण किया गया जो कुल संवितरणों का 71.3 प्रतिशत है।

विदेश मुद्रा ऋण

43. निगम ने संयुक्त क्षेत्र को 47.12 करोड़ रुपए विदेशी मुद्रा ऋण मंजूर किया, जबकि संवितरण 38.34 करोड़ रुपए हुआ।

30 जून, 1972 तक विदेशी मुद्रा ऋणों में संबंधित स्थिति नीचे की सारणी में दिखाई गई है :

सारणी 8

	निवल (मंजूरियां)			जारी किये गये साख/वचन यंत्र		संवितरित रकम	
मुद्रा	उपऋणों की संख्या	विदेशी मुद्रा (दस लाख में)	रुपये (लाखों में)	विदेशी मुद्रा (दस लाख में)	रुपये (लाखों में)	विदेशी मुद्रा (दस लाख में)	रुपये (लाखों में)
पश्चिमी जर्मन मार्क	114	114.10	2325.58	98.42	2004.12	83.76	1703.70
अमरीकी डालर	57	26.75	1963.27	26.75	1963.27	26.75	1963.27
फ्रांसीसी फ्रांक	11	13.01	177.92	12.56	171.61	12.24	167.44
पौंड स्टर्लिंग	12	1.27	244.94	0.02	4.60	—	—
जोड़ :	194		4711.71		4143.60		3834.41

हामिदारियां

44. निगम ने 30 जून, 1972 तक साधारण और अधिमान शेयरों तथा डिबेंचरों के लिए हामीदारी के 296 आवेदन पत्रों पर 31.63 करोड़ रुपए की निवल राशि मंजूर की।

30 जून, 1972 तक पूरे किए गए निर्गमों से सम्बन्धित स्थिति सारणी 9 में दिखाई गई है :

सारणी 9

(रुपए, लाखों में)

	हामीदारी की रकम	रकम जो निगम को देनी पड़ी	(3) से (2) का प्रतिशत
1	2	3	4
साधारण शेयर	1178.55	800.29	67.9
अधिमान शेयर	736.79	582.81	79.1
डिबेंचर	873.00	758.20	86.8
	2788.34	2141.30	76.8

निगम ने 18 निर्गम आवेदन पत्रों पर 304.52 लाख रुपए मंजूर किए। जिसमें 79.35 लाख रुपए के साधारण शेयर, 24.99 लाख रुपए के अधिमान शेयर तथा 182.00 लाख रुपए के डिबेंचर थे। इसमें से 6 निर्गमों के लिए निगम ने जो हामीदारी ली थीं, 24.11 लाख रुपए का प्रत्यक्ष अभिदान किया।

आस्थगित अदायगी के लिये गारंटियां

45. 30 जून, 1972 तक 41 आवेदन पत्रों पर 28.20 करोड़ रुपए की आस्थगित अदायगी गारंटियां दी गई। 30 जून, 1972 तक वास्तव में जारी की गई गारंटियों की कुल रकम 27.76 करोड़ रुपए थी।

विदेशी वित्तीय संस्थाओं से प्राप्त विदेशी मुद्रा ऋणों के लिए गारंटियां

46. निगम ने 30 जून, 1972 तक 5 आवेदन पत्रों पर कुल 23.47 करोड़ रुपए विदेशी मुद्रा गारंटियां मंजूर कीं, वास्तव में जारी की गई गारंटियों की कुल रकम 23.33 करोड़ रुपए थी।

30 जून, 1972 तक मंजूर की गई वित्तीय सहायता का प्रयोजनवार वितरण

47. 30 जून, 1972 तक मंजूर की गई निवल वित्तीय सहायता का प्रयोजनवार वर्गीकरण तथा निगम द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं की कुल लागत का विवरण नीचे सारणी 10 में दिया गया है।

सारणी 10

(रुपये, करोड़ों में)

उपक्रम का स्वरूप	परियोजनाओं की कुल लागत	मंजूर की गई निवल वित्तीय सहायता				
		ऋण	हामीदारियां और प्रत्यक्ष अभिदान	गारंटियां	जोड़	प्रतिशत (2) से (6) का
1	2	3	4	5	6	7
नये उपक्रम	1346.74	193.00	24.71	42.14	259.85	19.3
वर्तमान उपक्रम						
(1) उत्पादन की वर्तमान दिशाओं में विस्तार के लिये	493.14	91.28	7.34	6.93	105.55	21.4
(2) आधुनिकीकरण और पुनः स्थापन के लिये	105.90	15.59	2.11	0.53	18.23	17.2
(3) उत्पादन की नई दिशाओं में विशाखन के लिये	60.04	11.64	0.52	2.07	14.23	23.7
जोड़	2005.82	311.51	34.68	51.67	397.86	19.8

निगम ने 30 जून, 1972 तक नए उपक्रमों को 259.85 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की जो कुल सहायता का 65.3 प्रतिशत है और वर्तमान परियोजनाओं को उनके विस्तार, आधुनिकीकरण अथवा विशाखन के लिए 138.01 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता दी गई। जिन 565 परियोजनाओं को निगम ने सहायता दी है उनकी कुल लागत 2,006 करोड़ रुपए है, समग्र साधनों का सूचक है जो इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए जुटाया गया है।

30 जून, 1972 तक मंजूर की गई निवल वित्तीय सहायता का राज्यवार तथा उद्योगवार वितरण इस रिपोर्ट के क्रमशः 'ख' और 'ग' परिशिष्टों में दिया गया है। प्रत्येक राज्य में मंजूर की गई निवल वित्तीय सहायता का उद्योगवार वितरण परिशिष्ट 'ङ' में दिया गया है। निवल वित्तीय सहायता और प्रत्येक औद्योगिक संस्था को मंजूर की गई राशि के अनुसार उनकी सहायता का वर्गीकरण परिशिष्ट 'ज' में दिया गया है।

औद्योगिक दृष्टि से कम विकसित क्षेत्रों को सहायता

48. राष्ट्र की पंचवर्षीय योजनाओं में आर्थिक तथा सामाजिक नीतियों का दीर्घकालीन लक्ष्य प्रादेशिक आर्थिक असंतुलन समाप्त करना रहा है असन्तुलित आर्थिक विकास के परिणामस्वरूप न केवल विभिन्न राज्यों में अपितु एक राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में भी आय असमानताएं पैदा हो गई हैं।

49. निगम ने अर्थव्यवस्था से प्रादेशिक असन्तुलन को समाप्त करने के लिए उद्योगों के विस्तार की आवश्यकता को भली प्रकार जाना है और कम विकसित क्षेत्रों के विकास को तीव्र करने में अपना पूरा योगदान दिया है। 30 जून, 1972 तक 565 औद्योगिक परियोजनाओं को मंजूर की गई 397.86 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता का लगभग 26.9 प्रतिशत भाग अर्थात् 107.11 करोड़ रुपए कम विकसित क्षेत्रों की 148 परियोजनाओं को मंजूर किए गए।

50. कम विकसित क्षेत्रों के औद्योगिक विकास को तीव्र करने के लिए केन्द्रीय सरकार ने राज्य सरकारों तथा योजना आयोग से परामर्श करने के बाद कुछ जिले/क्षेत्र अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं से रियायती दरों पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए अधिसूचित किए गए हैं। केन्द्रीय सरकार द्वारा 30 जून, 1972 तक अधिसूचित औद्योगिक रूप से कम विकसित जिले/क्षेत्र परिशिष्ट 'झ' में दिखाए गए हैं। इन अधिसूचित जिलों/क्षेत्रों में लगने वाली परियोजनाओं पर ये रियायतें उपलब्ध हैं, वर्तमान ब्याज की दर 8–1/2 प्रतिशत से कम ब्याज दर, अर्थात् 7 प्रतिशत वार्षिक; ऋणों की अदायगी में आरम्भिक 5 वर्ष तक की अवधि तथा ऋणों के परिशोधन के लिए 15/20 वर्षों तक की लम्बी अवधि; प्रतिभूति की कम सीमा; परियोजना लागत में प्रवर्तकों का कम योगदान एवं निगम द्वारा संस्था की शेयर पूंजी में अधिक योगदान; और अन्ततः निगम के सामान्य प्रभारों में 50% की कटौती। सामान्यतः ये रियायतें उन्हीं परियोजनाओं पर लागू होंगी जिनकी लागत एक करोड़ रुपए से अधिक न हों, बड़ी परियोजनाओं को रियायती वित्त चयनात्मक आधार पर दिया जाएगा। ये रियायतें वर्तमान इकाइयों के विस्तार कार्यक्रमों के लिए भी प्राप्त की जा सकती हैं, जहां पर अतिरिक्त स्थाई पूंजी पहले से लगी पूंजी के 25 प्रतिशत से कम नहीं है। औद्योगिक सहकारिताओं के बारे में यह निर्णय किया गया है कि पूंजी लागत को बिना ध्यान में रखे ये रियायतें दी जाएंगी। इन क्षेत्रों की परियोजनाओं पर निगम से प्राप्त होने वाला रियायती वित्त केन्द्रीय सरकार की योजना के अनुसार मिलने वाली आर्थिक सहायता के अतिरिक्त है। निगम द्वारा घोषित ये रियायतें परिशिष्ट 'ञ' में दिखाई गई हैं।

51. निगम ने अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं के साथ मिलकर कम विकसित राज्यों/केन्द्र प्रशासित क्षेत्रों का सर्वेक्षण प्रारम्भ किया है। ताकि उनकी औद्योगिक क्षमता तथा वहां पर लगाई जा सकने वाली परियोजनाओं की सम्भावनाओं का पता लगाया जा सके। निगम अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं के साथ मिलकर विभिन्न राज्य औद्योगिक विकास निगमों तथा राज्य सरकारों को उनके परियोजना विचारों को वास्तविकता प्रदान करने के लिए भरसक सहायता प्रदान कर रहा है।

नये उद्यमकर्ताओं और व्यावसायिकों को वित्तीय सहायता

52. निगम नये व्यावसायिकों तथा पेशेवर योग्य व्यक्तियों द्वारा स्थापित परियोजनाओं को विशेष प्रोत्साहन देता रहा है।

53. वर्षों से निगम ने नये उद्यमकर्ताओं तथा व्यावसायिकों द्वारा स्थापित लगभग एक सौ औद्योगिक परियोजनाओं को सहायता दी है। ये परियोजनायें इंजीनियरिंग, वस्त्र, रसायन, चीनी, सीमेंट, कागज और कागज उत्पाद, रबर उत्पाद, कांच, होटल आदि उद्योगों से सम्बन्धित हैं। 13 राज्यों तथा एक केन्द्र प्रशासित क्षेत्र में नये उद्यमकर्ताओं तथा व्यावसायिकों द्वारा लगाई गई इन परियोजनाओं को निगम द्वारा मंजूर कुल सहायता का 10 प्रतिशत भाग प्राप्त हुआ। इन परियोजनाओं में से अधिकतर बहुत सफल रही हैं। कई नये उद्यमकर्ताओं तथा पेशेवर कुशल तकनीकियों ने औद्योगिक क्षेत्र में अपना स्थान बना लिया है तथा उन्होंने छोटे स्तर से शुरू करके विस्तार किया है।

सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों को सहायता

54. जैसा कि पिछली वार्षिक रिपोर्ट में उल्लेख किया गया था कि केन्द्रीय सरकार ने निगम को सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिये प्राधिकृत किया था। निगम सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों (चाहे उनमें सरकारी शेयरों की संख्या कुछ भी हो) से निजी क्षेत्र की संस्थाओं के समान ही वित्तीय सहायता के लिये आवेदन पत्र प्राप्त कर सकता है। सरकारी क्षेत्र के सभी उपक्रम जो पब्लिक लिमिटड कम्पनियां हैं, अपने विस्तार, आधुनिकीकरण अथवा विशाखन व नई परियोजनाओं के लिये निगम को निवेदन करने के पात्र हैं। 30 जून, 1972 तक सरकारी क्षेत्र के 6 उपक्रमों की 6.92 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता मंजूर की गई।

वित्तीय सहायता देने के लिये अपनाई गई कसौटी तथा कार्य प्रणाली

55. वित्तीय सहायता प्रदान करते समय निगम को पंचवर्षीय योजनाओं में उल्लिखित प्राथमिकताओं तथा उद्योगों का प्रादेशिक विस्तार, औद्योगिक सहकारिताओं को प्रोत्साहन तथा उद्योग में प्रथम बार प्रवेश करने वाले उद्यमकर्ताओं तथा व्यावसायिकों को प्रोत्साहन देने की सरकारी नीतियों के अनुरूप कार्य करना होता है।

औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम के अनुसार निगम के लिए यह आवश्यक है कि वह अपना काम करते हुए व्यावसायिक सिद्धान्तों पर अमल करे और उद्योग, वाणिज्य तथा सामान्य जनता के हितों का विशेष ध्यान रखे।

क्योंकि वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाली संस्थाओं की परियोजनाओं में कारोबारी जोखिम होता है, अतः निगम इन परियोजनाओं के विभिन्न पहलुओं की जांच करता है, ये पहलू हैं, देश की अर्थव्यवस्था में परियोजनाओं की अपेक्षाकृत औद्योगिक और राष्ट्रीय दृष्टि से प्राथमिकता, उसकी तकनीकी वित्तीय और आर्थिक व्यवहार्यता, प्रवर्तकों का अनुभव और ईमानदारी तथा परियोजनाओं की लागत में उनका वित्तीय अंशदान, प्रबन्ध का स्तर और परियोजना के निर्माण और संचालन के दौरान सक्षम तकनीकी और प्राशासनिक कर्मचारियों का पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होना।

निगम परियोजना के गुणावगुणों पर ही विशेष ध्यान रखता है, अतः परियोजना के तकनीकी, वित्तीय, प्रशासनिक और आर्थिक पहलुओं का विस्तृत मूल्यांकन करना जरूरी होता है।

उदाहरण के तौर पर तकनीकी पहलुओं की जांच करते समय प्रयोग में लाई गई तकनीकी प्रक्रिया की व्यवहार्यता, परियोजना की स्थिति, संयन्त्र और उपस्कर का आकार, तथा मशीनरी पूर्तिकारों की ख्याति और अनुभव, तकनीकी ज्ञान को प्राप्त करने का प्रबन्ध तथा कार्मिक और श्रमिकों का प्रशिक्षण, संयंत्र की रूपरेखा, आवश्यक उपयोगिताओं के लिये व्यवस्था, परियोजना के निर्माण की अवधि पर विशेष ध्यान रखा जाता है। परियोजना के वित्तीय पहलुओं की जांच में उसकी लागत का अनुमान, आवश्यक कार्यकारी पूंजी का मूल्यांकन, वित्तीय साधनों जैसे शेयर पूंजी, दीर्घकालीन ऋण, विदेशी मुद्रा लागत को पूरा करने के लिये व्यवस्था, वर्तमान संस्थाओं के लिये संयन्त्र और मशीनरी के लिये आस्थगित अदायगियां तथा आन्तरिक साधन आदि। यह भी आश्वास्त करना जरूरी है कि परियोजना के इक्विटी और ऋण का अनुपात सन्तोषजनक है, परियोजना लागत में प्रवर्तकों का योगदान उपयुक्त है तथा लाभ का अनुमान व्यावहारिक है ताकि दीर्घकालीन ऋण उचित प्रकार से लौटाया जा सके और शेयरधारियों को भी उचित मात्रा में लाभ मिलता रहे। परियोजना के आर्थिक पहलुओं का विस्तृत मुल्यांकन किया जाता है। उत्पाद की वर्तमान तथा भावी मांग का अनुमान लगाने के लिये बाजार का सर्वेक्षण किया जाता है, उत्पाद की निर्यात सम्भावनायें भी ध्यान में रखी जाती हैं। परियोजना का राष्ट्र की विदेशी मुद्रा स्थिति सुधारने में योगदान, रोजगार क्षमता, सहायक उद्योगों को स्थापित करने की सम्भावनाओं का मूल्यांकन किया जाता है। बड़ी परियोजनाओं के लिये आर्थिक मूल्यांकन की आधुनिक तकनीकों जैसे, आन्तरिक उत्पादन दर, उत्पादन लागत का अध्ययन किया जाता है।

प्रबंधकीय पहलू के अध्ययन का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि संस्था का प्रबंधकीय ढांचा उपयुक्त है तथा संस्था का संचालक-मंडल समर्थ है और परियोजना के निर्माण तथा संचालन के लिये तकनीकी तथा प्रशासनिक कार्मिक योग्य एवं अनुभवी हैं।

निगम के वित्तीय और तकनीकी कर्मचारियों द्वारा परियोजना का वित्तीय और तकनीकी दृष्टि से मूल्यांकन कर लिए जाने के बाद सलाहकार समिति से सलाह ली जाती है। इस समिति में सरकारी और गैर सरकारी क्षेत्र के उन विशेषज्ञों को बुलाया जाता है जिनको उस विशिष्ट उद्योग की विशेष जानकारी होती है। इसके बाद निगम का बोर्ड सलाहकार समिति की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए मामले पर निर्णय करता है। किन्तु सलाहकार समिति की सलाह नहीं ली जाती, यदि परियोजनायें नई न हों अथवा सहायता की विदेशी मुद्रा उप-ऋण के रूप में संतुलनकारी उपस्कर का आयात करने, आधुनिकीकरण के लिये संयन्त्र और मशीनरी प्राप्त करने अथवा सीमान्तिक विस्तार करने के लिये जरूरी हों। जिन बड़ी परियोजनाओं को अन्य अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं जैसे, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भारतीय औद्योगिक ऋण एवं साख निगम, जीवन बीमा निगम और यूनिट ट्रस्ट आफ इन्डिया द्वारा संयुक्त रूप से वित्तीय सहायता दी जाती है, उनके मामले में समय-समय पर इन संस्थाओं की सम्मिलित बैठकें या विशेष सम्मेलन बुलाये जाते हैं। उपयुक्त मामलों में फक्टरी स्थल पर जाकर और आवेदकों से विचार-विमर्श करके एक संयुक्त तकनीकी तथा वित्तीय दल द्वारा जांच की जाती है। इस दल में सहायता देने वाली वित्तीय संस्थाओं के प्रतिनिधि होते हैं।

जब निगम का संचालक बोर्ड वित्तीय सहायता मंजूर कर देता है तो आवेदक को सिद्धान्त रूप में मंजूरी की सूचना भेज दी जाती है, साथ ही मंजूरी की मुख्य शर्तें भी स्पष्ट कर दी जाती हैं। इसके पश्चात् उधार लेने वाले को मानकीकृत तथा मुद्रित ऋणकरार तथा प्रतिभूति के अन्य दस्तावेज निष्पादित करने होते हैं।

विधिक औपचारिकताओं तथा ऋण करार में उल्लिखित शर्तों के पूरा हो जाने के पश्चात् संवितरण शुरू हो जाते हैं। संवितरण में देरी को कम से कम करने के लिये विधिक औपचारिकताओं को बेहद सरल कर दिया गया है। परियोजना की प्रगति तथा पहले दिए गए ऋणों के उपयोग आदि को देखते हुए आगे संवितरण किये जाते हैं।

परियोजना की निर्माण अवधि में तथा उसके बाद भी निगम अनुवर्ती कार्रवाई करता है। सहायता प्राप्त संस्था को नियमित रूप से निर्धारित प्रपत्रों में अपनी प्रगति रिपोर्ट तथा लेखा परीक्षित तुलन-पत्र निगम को भेजने पड़ते हैं। जब कारखाना उत्पादन शुरू कर देता है तो निगम के तकनीकी तथा वित्तीय

अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण करते रहते हैं। जरूरत पड़ने पर निगम सहायता-प्राप्त संस्थाओं के बोर्डों में अपने द्वारा नामित व्यक्तियों की नियुक्ति करके सहायता-प्राप्त संस्थाओं की गतिविधियों से निकट सम्पर्क बनाये रखता है।

56. यह ज्ञात होगा कि औद्योगिक लाइसेंस नीति जांच कमेटी की सिफारिशों के अनुरूप केन्द्रीय सरकार ने फरवरी, 1970 में लोक वित्तीय संस्थाओं से वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिये कुछ परिवर्तन करने का निर्णय किया। संयुक्त क्षेत्र विकल्प के सिद्धांत रूप में स्वीकार कर लेने से यह निर्णय किया गया कि बड़ी परियोजनायें जो लोक वित्तीय संस्थाओं से काफी वित्तीय सहायता प्राप्त करती हैं, विशेषकर नीति स्तर पर उनके प्रबंध में सहयोग की मात्रा अधिक होनी चाहिए। सरकार ने यह भी निर्णय किया है कि वित्तीय संस्थाओं को अपने ऋणों तथा भविष्य में निर्गमित डिबेंचरों के पूरे अथवा कुछ भाग को निश्चित अवधि के भीतर संपरिवर्तन करने का अधिकार वित्तीय सहायता की एक व्यवस्था के रूप में प्रयुक्त करना चाहिए। पिछले ऋणों तथा डिबेंचरों के लिये वित्तीय संस्थायें अपनी स्वेच्छा से चूकों के मामले में वार्तालाप कर सकते हैं।

केन्द्रीय सरकार हाल ही में औद्योगिक लाइसेंस नीति जांच कमेटी की सिफारिशों पर सरकारी निर्णय के विस्तृत निदेश जारी किये हैं। ये निदेश दीर्घकालीन ऋण प्रदान करने वाली वित्तीय संस्थाओं द्वारा ऋणों के साधारण शेयरों में बदलने तथा वित्तपोषित संस्थाओं के बोर्डों में संचालक नामित करने की नीतियों से सम्बन्धित हैं। ये निदेश अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं, अर्थात् भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भारतीय औद्योगिक ऋण एवं साख निगम, जीवन बीमा निगम, यनिट ट्रस्ट आफ इण्डिया तथा निगम को जारी किये गये हैं।

इन निदेशों की शर्तों के अनुसार सभी मामलों में जहां पर कुल वित्तीय सहायता 50 लाख रुपये से बढ़ जाती है, ऋण के एक भाग को साधारण शेयरों में बदलना जरूरी हो गया है। उन सभी मामलों में जब एक औद्योगिक इकाई की कुल वित्तीय सहायता 25 लाख रुपये से बढ़ जाती है परन्तु 50 लाख रुपये से ज्यादा नहीं बढ़ती, तो वित्तीय संस्थाओं की स्वेच्छा से संपरिवर्तन धारा अनुबंधित की जा सकती है। स्वेच्छा का प्रयोग करते हुए सभी भौतिक तथा वाणिज्यिक तथ्यों जैसे, उद्योग केन्द्रीय सरकार द्वारा वर्गीकृत 'कोर सेक्टर' का हिस्सा है अथवा उद्योग सुरक्षा प्रधान है अथवा उद्योग सामान्य उपभोग की आवश्यक वस्तु के उत्पादन में लगा है, को ध्यान में रखना आवश्यक है। जिन मामलों में एक औद्योगिक इकाई को वित्तीय सहायता 25 लाख रुपये से ज्यादा नहीं बढ़ती तो ऋणों के एक भाग को साधारण शेयरों में बदलने से सम्बन्धित धारा को अनुबंधित करना जरूरी नहीं है जब कि वित्तीय संस्थायें वाणिज्यिक आधार पर ऐसा फैसला न कर लें।

ऋणों के साधारण शेयरों में बदलने से सम्बन्धित शर्तें उन विदेशी मुद्रा उप-ऋणों पर लागू नहीं होगी जो ऋण भारतीय वित्तीय संस्थाओं ने विदेशी वित्तीय संस्थाओं से प्राप्त ऋणों में से मंजूर किये हैं। फिर भी यह संपरिवर्तन धारा उन सभी रुपया ऋण संविदाओं/डिबेंचर निर्गमों पर लागू होगी जो वित्तीय संस्थाओं ने औद्योगिक इकाइयों को सरकार के पास तथा किसी अन्य स्रोत से उपलब्ध ऋण में उन इकाइयों को विदेशी मुद्रा खरीदने के लिए मंजूर किये हैं।

ऋणों/डिबेंचरों का साधारण पूंजी में संपरिवर्तन की शर्तें, ऋण की संपरिवर्तित राशि, शेयर का इजरा मूल्य संपरिवर्तन विकल्प के अधिकार का प्रयोग करने की अवस्था अथवा अवस्थायें, विकल्प प्रयोग किये जाने की अवधि, यदि सूचना दी जाती है तो उसकी अवधि आदि प्रत्येक मामले में तय करके ऋण करार में अनुबंधित कर दिये जायेंगे। शर्तों को तय करते समय उद्योग की प्रकृति तथा महत्व, परियोजना के चालू होने की संभव अवधि, ऋण-इक्विटी अनुपात, परियोजना की लाभ क्षमता, विस्तार की संभावनायें, आदि को भी आवश्यक महत्व दिया जायेगा। ऐसी वर्तमान कम्पनियों के मामलें में जिन्हें पिछले लाभों में से आरक्षित निधियां कायम की हैं, इनके शेयर की इजरा कीमत तय करते समय शेयर का बाजार मूल्य, विसर्जन मूल्य, अधिलाभांश रिकार्ड, वर्तमान तथा भावी लाभ, आदि बातों पर भी ध्यान रखा जायेगा।

संपरिवर्तन धारा को बंधित करते समय संबंधित कम्पनी को संपरिवर्तन की शर्तों के अनुसार कम्पनी अधिनियम के खण्ड 81 (3) के अधीन अपने शेयरधारियों तथा केन्द्रीय सरकार से स्वीकृति ले लेनी चाहिए।

निगम ने 30 जून, 1972 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान स्वेच्छा से 35 कम्पनियों के सम्बन्ध में संपरिवर्तन की शर्तों को अनुबंधित किया है, इन संस्थाओं को वर्ष के दौरान रुपया ऋण तथा पौंड स्टर्लिंग ऋण मंजूर किये गये थे। जिन 35 कम्पनियों का ऊपर उल्लेख किया गया है, उनमें से एक ने सहायता का उपयोग नहीं किया तथा 10 के संपरिवर्तन मामलों को अन्तिम रूप दिया जा चुका है और शेष 24 के मामलों में संपरिवर्तन शर्तों को अन्तिम रूप दिया जा रहा है।

उपरोक्त निदेशों के अनुसार निगम सहित अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं के लिये सभी भारी मात्रा में सहायता प्राप्त करने वाली कम्पनियों के बोर्डों में अपने सरकारी तथा गैर-सरकारी प्रतिनिधियों को नामित करना आवश्यक है, जिन मामलों में वित्तीय सहायता के लिये समझौता करारों में संपरिवर्तन धारा का निर्गमन किया गया है। अन्य मामलों में वित्तीय संस्था की स्वेच्छा पर निर्भर करता है कि वे इन संस्थाओं बोर्डों में संचालक नामित करें अथवा नहीं।

नये उद्योग विशेष रूप से उन उद्योगों की समीक्षा जिन्हें निगम ने सहायता दी

57. 1970 के स्तर से 1971 में औद्योगिक उत्पादन की 3.1 प्रतिशत वृद्धि हुई। औद्योगिक क्षेत्र में कम हलचल के कारण थे, कपास की कमी के कारण सूती वस्त्र का कम उत्पादन, चीनी का कम उत्पादन, क्षमता दबाव के कारण, कागज और कास्टिक सोडा जैसे, उद्योगों में सीमित उत्पादन, तथा कार्यकारी पूंजी तथा श्रमिक कठिनाइयों के कारण इस्पात उद्योग में क्षमता का कम उपयोग। कुछ इस्पात आधारित तथा इंजीनियरिंग उद्योगों को इस्पात की कमी रही जिन्हें

आयात द्वारा कुछ राहत प्रदान की गई। ग्रामीण विद्युतीकरण की लगातार प्रगति के परिणामस्वरूप 1971 में बिजली मशीनरी उद्योग ने अच्छी प्रगति की। 1971 में कपास की अच्छी उपज होने तथा कपास की कीमतें गिर जाने से सूती वस्त्र उद्योग में लाभ की स्थिति में सुधार हुआ। 1971-72 में गन्ने की कमी के कारण चीनी का उत्पादन घट गया। औद्योगिक उत्पादन को तीव्र करने के लिये भारत सरकार ने कुछ शर्तों के अधीन मूल उद्योगों, जैसे लोहा और इस्पात, इंजीनियरिंग तथा उपभोक्ता वस्तुयें बनाने वाले उद्योगों सहित चुने हुए 54 उद्योगों को जनवरी, 1972 में लाइसेंस क्षमता से अधिक उत्पादन करने की स्वीकृति दे दी।

1971 में मिश्रित धातु तथा विशेष इस्पात का उत्पादन 3.2 लाख टन रहा। यद्यपि पिछले वर्ष की तुलना में यह 10 प्रतिशत कम था, फिर भी उद्योग ने पिछले दो वर्षों की तुलना में 23.1 प्रतिशत अधिक उत्पादन करके भारी प्रगति की, इस उद्योग ने निर्माण इस्पात, उच्च कार्बन इस्पात सहज कटने वाले इस्पात सहित उत्पादन दिशाओं में वृद्धि की है अब उद्योग घरेलू मांग को पूरा करने में समर्थ है।

1971 में काले तथा जस्ताकृत इस्पात का निर्माण करने वाली लाइसेंस प्राप्त 14 इकाइयों ने 6 लाख विस्थापित क्षमता के स्थान पर लगभग 2.18 लाख टन का उत्पादन किया। इस क्षेत्र में काफी क्षमता है परन्तु 1971 में इस्पात चादरों तथा पत्तियों की कमी के कारण इस पर बुरा प्रभाव पड़ा। निगम से सहायता प्राप्त करने वाली संस्थाओं को कच्चे माल की कमी रही और अधिकतर की कम बिक्री हुई।

1971 में ट्रैक्टरों का उत्पादन 1970 की तुलना में 21 प्रतिशत कम रहा। श्रम संकट के कारण एक फैक्ट्री के बन्द होने तथा वित्तीय कठिनाइयों से दूसरी का उत्पादन घटने से उत्पादन गिर गया। एस० के० डी०/सी० के० डी० ट्रैक्टरों के आयात ने उत्पादन स्तरों को कम रखा। निगम द्वारा वित्तपोषित एक इकाई जिसने 1971 में उत्पादन शुरू किया, अपना माल बेचने में भी कठिनाई रही। फिर भी इस वर्ष उद्योग की विस्थापित क्षमता में लगभग 29 प्रतिशत वृद्धि हुई। पहली सितम्बर, 1971 से ट्रैक्टरों का वितरण कानूनी नियंत्रण में लिया गया तथा नये ट्रैक्टर खरीदने के लिए पंजीकरण योजना प्रारम्भ की गई। कृषि के आधुनिकीकरण हो जाने से आगामी वर्षों में ट्रैक्टरों, विशेषकर कम हार्स पावर के ट्रैक्टरों की मांग बढ़ने की संभावना है।

बिजली के पंखों का उत्पादन 1970 के 15 लाख की तुलना में 1971 में 19 लाख हुआ। क्षमता का 105 प्रतिशत उपयोग किया गया जबकि 1970 में यह केवल 87 प्रतिशत था। देश में ग्रामीण विद्युतीकरण तथा नागरिकीकरण से बिजली के पंखों की मांग बढ़ेगी क्योंकि वर्तमान क्षमता का पूरा उपयोग किया जा रहा है, अतः नई क्षमता पैदा करने की जरूरत है।

घरेलू उपयोग के मीटर उद्योग में एक फेज मीटरों के उत्पादन में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई तथा बहु-फेज मीटरों के उत्पादन में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई। समग्र रूप से 100 प्रतिशत से अधिक क्षमता का उपयोग किया गया। निगम द्वारा वित्तपोषित अधिकतर 200,000 बहु-फेज मीटर उत्पादन क्षमता वाली इकाई आर्डरों की कमी के कारण क्षमता का पूरा उपयोग नहीं कर सकी।

कच्चे माल, विशेषकर इस्पात पत्तियों की कमी के कारण बाइसाइकिलों का उत्पादन 21 लाख की तुलना में 1971 में 19 लाख हो गया। निगम से वित्तपोषित एक इकाई ने अपने सीमान्त उत्पादन में वृद्धि की है। इस उद्योग ने लगातार काफी विदेशी मुद्रा अर्जित की।

बाल और रोलर बियरिंग उद्योग के लिए 1971 का वर्ष अच्छा रहा, इसकी विस्थापित क्षमता में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बियरिंगों के उत्पादन में 8.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जो 1971 में 190 लाख के स्तर पर पहुंच गया। इंजीनियरिंग उद्योग के लगातार विकास से उद्योग के उत्पादन की मांग अच्छी रही। निगम से वित्तपोषित इकाइयों ने उत्पादन में मामूली वृद्धि की और उनमें से अनेक ने क्षमता का पूरा उपयोग किया।

1971 में कास्टिक सोडे का उत्पादन 3.7 लाख टन रहा जो 1970 की तुलना में थोड़ा ही अधिक था, परन्तु इसकी घरेलू मांग गिर गई। उत्पादन को अधिकतम करने के लिए प्रयत्न किये जा रहे हैं और "वास्तविक उपभोक्ता" के आधार पर आयात की भी स्वीकृति दी गई। तरल क्लोरिन की विस्थापित क्षमता 2.2 लाख टन थी परन्तु वास्तविक उत्पादन केवल 1.6 लाख टन रहा। निगम से सहायता प्राप्त करने वाली इकाइयों की सोडा तथा क्लोरिन की अच्छी बिक्री रही लेकिन उन में से कुछ को ग्रेफाइट इलेक्ट्रोड्स की कमी का सामना करना पड़ा।

उर्वरक उद्योग ने जो 'कोर सेक्टर' में है, काफी उत्साहवर्धक परिणाम दिखाये। नाइट्रोजन उर्वरकों का 1971 में उत्पादन 15 प्रतिशत बढ़कर 9.5 लाख टन हो गया, 1.5 लाख टन की विस्थापित क्षमता का 63 प्रतिशत के लगभग है। फास्फेरिय उर्वरकों का उत्पादन 28 प्रतिशत बढ़कर 2.9 लाख टन हो गया, इसमें 5 लाख टन की विस्थापित क्षमता का 58 प्रतिशत उपयोग किया गया। फिर भी आन्तरिक उत्पादन से बढ़ती मांग को पूरा नहीं किया जा सका और लगातार आयात होता रहा। बिजली की कमी, श्रम संकटों तथा कच्चे माल की कमी के कारण क्षमता का पूरा उपयोग नहीं उठाया जा सका। सिंचाई सुविधाओं के बढ़ जाने से उर्वरकों की मांग तेजी से बढ़ने की आशा है। निगम द्वारा वित्तपोषित इकाइयों ने यूरिया के उत्पादन में औसतन 75 प्रतिशत और अन्य नाइट्रोजन उर्वरकों के उत्पादन में 40—45 प्रतिशत क्षमता का उपयोग किया।

सीमेंट का उत्पादन 1970 के 140 लाख टन से 1971 में 149 लाख टन हो गया, यह 1970 की 3 प्रतिशत से कम वृद्धि की तुलना में 6.4 प्रतिशत बढ़ा। यद्यपि सीमेंट के उत्पादन में लगी इकाइयां 50 पर ही स्थिर रही, 1970 में 173.6 लाख टन की विस्थापित क्षमता 1971 में 193.9

लाख टन हो गई । सीमेंट की बढ़ती मांग को देखते हुए अतिरिक्त क्षमता स्थापित करना एक स्वस्थ प्रयास है । समान्यतः निगम से सहायता प्राप्त करने वाली इकाइयों का कार्य संतोषप्रद रहा ।

वर्ष के दौरान भट्ठी में लगने वाली ईंटों के उद्योग ने तीव्र प्रगति की, 1971 में उत्पादन 7.8 लाख टन हुआ जो 1970 में 7.4 लाख टन था । उद्योग में लगभग 70 प्रतिशत क्षमता का उपयोग उठाया गया। भट्ठी में लगने वाली ईंटों की उपयोग प्रवृत्तियां बदल रहीं हैं जैसा कि अधिक संकलित उत्पाद जैसे, ग्रोग तथा उच्च अलूमिना अग्नि ईंटों, भारी सिलिका ईंटें, बिजली से बनने वाली ईंटें तथा बहुत अच्छे प्रकार की जिरकोन ईंटों की मांग बढ़ रही है ।

1971 में कांच उद्योग ने तीव्र प्रगति की, उपभोक्ता उद्योगों जैसे, दूध, पेय, हल्के पेय आदि के विकसित होने से कांच बोतलों की मांग बढ़ गई । उद्योग के अन्य क्षेत्रों जैसे, फ्लोरोसेंट ट्यूबों तथा जी० एल० एस० लैम्पों के लिये खोलों के उत्पादन में भी वृद्धि हुई ।

उद्योग सोडा ऐस, अच्छी प्रकार की भट्टी की ईंटों, वैगनों की कमी के कारण बहुत अच्छा कार्य नहीं कर सका । ढलवा उत्पादों जैसे चित्रित तथा आकृति वाले कांच के उत्पादन में लगी एक इकाई को बाजार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। निगम द्वारा वित्तपोषित इकाइयों की सफलता अलग अलग रही, कुछ के सामने बाजार कठिनाइयां थीं। एक इकाई ने बिक्री में 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि की ।

कागज और कागज बोर्ड उद्योग में 1971 के दौरान उत्पादन 1.1 लाख टन से बढ़कर 8.8 लाख टन बढ़ गया, 1971 में 7.57 लाख टन कागज और कागज बोर्ड विशेषकर छपाई और लिखाई कागज का उत्पादन मांग से कम था। केन्द्रीय सरकार ने देश में कागज की कमी को पूरा करने के लिए 1971 में क्रैस कार्यक्रम शुरू किया, इसका लक्ष्य 15 से 20 महीनों के सीमित काल में 1.30 लाख टन कागज उत्पादन क्षमता का विस्तार करना है। भारी पूंजी के विनियोग वाले इस उद्योग में नई इकाइयां लगाने के लिये भारी पूंजी तथा कच्चे माल की उपलब्धता को देखना होगा। इस उद्योग में निगम से वित्तपोषित इकाइयों का कार्य संतोषजनक रहा ।

इस वर्ष रबर उत्पाद उद्योग का कार्य अच्छा रहा और इसने अधिकतर वस्तुओं के उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त कर ली, अभी भी कुछ वस्तुओं का निर्यात किया जाता है ।

इस वर्ष के दौरान केन्द्रीय सरकार द्वारा ढील दिये जाने और देशी कच्चे माल की काफी उपलब्धता से आटोमोबाइल टायर और ट्यूब उद्योग ने अधिकतम क्षमता प्राप्त कर ली। 1971 में आटोमोबाइल टायरों और ट्यूबों के उत्पादन में 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस उद्योग में निगम ने तीन इकाइयों को सहायता प्रदान की, एक ने अपनी बिक्री में काफी वृद्धि की जबकि अन्य दो का कार्य श्रम संकटों तथा बिजली की कमी से ठीक न रहा ।

इस वर्ष के दौरान औद्योगिक वी० बेल्टों तथा पंखों के बेल्टों के उत्पादन में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई, क्षमता का 100 प्रतिशत से अधिक उपयोग किया गया। उत्पादन 52.6 लाख बेल्टों का ही हुआ । निगम की सहायता प्राप्त करने वाली एक इकाई का कार्य कम सन्तोषजनक था और श्रम संकटों के कारण यह केवल 62 प्रतिशत क्षमता का ही उपयोग कर सकी ।

कृत्रिम रेशे उद्योग का कार्य समग्र रूप से संतोषजनक रहा यद्यपि उद्योग को कच्चे माल की कठिनाई का सामना करना पड़ा । कृत्रिम रेशे का वर्तमान उत्पादन मांग से कम है। उत्पादन तथा मांग के अन्तर को कम करने के लिये सरकार ने कई नये स्वीकृति पत्र/लाइसेंस जारी किये हैं और कुछ वर्तमान संस्थाओं के कार्यक्रमों को शीघ्रता से लागू किया जा रहा है। निगम से वित्तपोषित इकाइयों का कार्य संतोषजनक रहा ।

चीनी का उत्पादन 1970-71 में 37.40 लाख टन था, जो 1971-72 में घटकर 31.00 लाख टन रह गया । उत्पादन में 17 प्रतिशत की कमी का मुख्य कारण गन्ने की उपलब्धता की कमी है ।

केन्द्रीय सरकार ने चीनी उत्पादन को अधिकतम करने के लिये कई कदम उठाये । पहली दिसम्बर, 1972 से 3 सितम्बर, 1972 तक पैदा की गई चीनी पर 16 रु० प्रति क्विन्टल उत्पादन शुल्क में छूट दी ।

वर्ष के दौरान निगम द्वारा वित्तपोषित चीनी सहकारियों का कार्य समान्यतः सन्तोषजनक रहा ।

बंगला देश में घटनाओं के परिणामस्वरूप पटसन उत्पादों का उत्पाद तीव्र कर किया गया ताकि विदेशी खरीददारों की मांग को पूरा किया जा सके। यह वर्ष पटसन उद्योग के लिये बहुत ही अनुकूल रहा। निगम से सहायता प्राप्त करने वाली ईकाइयों ने उद्योग की समृद्धि में योगदान दिया ।

पिछले कुछ वर्षों से सूती वस्त्र उद्योग कच्चे माल को ऊँची कीमतों, उच्च निर्माण लागत से कम लाभ के कारण संकट की स्थिति में रहा । राष्ट्रीय सूती वस्त्र निगम तथा राज्य सूती वस्त्र निगमों ने बन्द पड़ी इकाइयों का प्रबन्ध अपने हाथ में लिया तथा पुर्नस्थापन की योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। 1971 में कपास के उत्पादन बढ़ने तथा परिणामस्वरूप कपास की कीमतें गिरने से सूती वस्त्र उद्योग मे लाभ की स्थिति में बहुत सुधार हुआ ।

यद्यपि भविष्य में सूती वस्त्र की मांग बढ़ने की आशा है, उद्योग में लाभ की मात्रा इस बात पर निर्भर करेगी कि लम्बे धागे वाली देशी कपास में उपलब्ध होती रहे और मिलों का पूर्णतः आधुनिकीकरण किया जाये ।

निधि स्रोत

शेयर पूंजी

58. निगम ने अपने निधि स्रोत तथा उधार शक्ति बढ़ाने के दृष्टिकोण से जून, 1972 में 5000 रु० प्रति शेयर की दर से 1,65,40,000 रु० अंकित मूल्य के 3,308 शेयर (चौथी सिरीज) जारी किए, जिनका पूरा अभिदान हो गया ।

उपरोक्त 3,308 शेयरों के लिए सभी शेयर धारियों से 2,500 रु० प्रति शेयर की दर से आवेदन मुद्रा प्राप्त हो चुकी है और शेष राशि 2,5000 रु० प्रति शेयर निकट भविष्य में प्राप्त कर ली जाएगी।

बांड

59. 1971 में 4 प्रतिशत के परिपक्व होने वाले बांडों को ध्यान में रखते हुए जो अक्तूबर, 1971 में परिपक्व हुए तथा निगम के निधि स्रोतों को बढ़ाने के लिए 8 करोड़ रुपए के नकद व संपरिवर्तनीय बांड अक्तूबर, 1971 में जारी किए, जिनकी परिपक्वता अवधि 12 वर्ष है। बांड सम-मूल्य पर जारी किये गये और ब्याज की दर 5½ प्रतिशत वार्षिक तय की गई। जारी की गई राशि में अनुज्ञेय 10 प्रतिशत रकम को मिलाकर 8.80 करोड़ रुपए का आबंटन किया गया। इसमें 1971 के 4 प्रतिशत वाले बांडों के अंकित मूल्य की राशि 2.94 करोड़ शामिल है, जिन्हें नई सीरीज में बदल दिया गया। इस निर्गम से वर्ष के अन्त में बकाया बांडों की कुल राशि 61.00 करोड़ रुपए थी।

केन्द्रीय सरकार से प्राप्त ऋण

60. 30 जून, 1971 को केन्द्रीय सरकार से प्राप्त ऋणों को राशि 77.32 करोड़ रुपए थी। निगम ने सरकार से समीक्षाधीन वर्ष के दौरान के एफ० डब्ल्यू० ऋणों से पैदा होने वाले ब्याज दर अन्तर निधियों के अधीन 0.09 करोड़ रुपए की राशि उधार ली। 3.34 करोड़ रुपए की राशि अदा की गई। इस वर्ष के अन्त में ऋणों की बकाया राशि 74.07 करोड़ रुपए थी। पिछले दो वर्षों की भांति इस वर्ष में निगम के लिए केन्द्रीय बजट में कोई व्यवस्था नहीं की गई।

रिजर्व बैंक आफ इंडिया से प्राप्त ऋण

61. समीक्षाधीन वर्ष में पिछले वर्षों की भांति रिजर्व बैंक से ऋण उसी अवस्था में लिये गए जबकि ऋण लेना अनिवार्य हो गया था। 30 जून, 1972 को इस शीर्षक के अन्तर्गत 1.68 करोड़ रुपए की रकम बकाया थी जो बाद में अदा कर दी गई।

विदेशी मुद्रा ऋण

62. दिसम्बर, 1971 में 80 लाख जर्मन मार्क का एक और दसवां ऋण निगम को दिया गया। वर्ष के अन्त में उपरोक्त ऋण सहित निगम के पास पश्चिम जर्मन मार्क का कुल ऋण 1205 लाख मार्क हो गया। निगम ने इसमें से 1145 लाख मार्क के उप-ऋण मंजूर किये। अब यह पूर्ण संपरिवर्तनीय है, अर्थात् यह कुछ विशेष देशों को छोड़ कर पश्चिमी जर्मनी के अतिरिक्त अमेरिका, इंग्लैण्ड, इटली, फ्रांस, तार्थे, स्वीडन, डेनमार्क, जापान आदि देशों से पूंजीगत माल, इंजीनियरिंग जानकारी और सेवाओं आदि के आयात के लिए प्रयोग किया जा सकता है।

संयुक्त राज्य/भारत पूंजी निवेश ऋण, 1971 के अन्तर्गत 10 लाख पौंड का ऋण सम्बन्धी दस्तावेज सितम्बर, 1971 में पूरा किया गया। इस ऋण के पूरा होने से भारत सरकार द्वारा प्रदान संयुक्त राज्य ऋणों की कुल राशि 20 लाख पौंड हो गई, इसमें से वर्ष के अन्त तक 12.7 लाख पौंड के उप-ऋण मंजूर किये गये। इससे निगम पात्र संस्थाओं को संयुक्त राज्य से पूंजीगत माल का आयात करने के लिए ऋण दे सकेगा।

बैंक फ्रांसिस डु कामर्स एक्सटिरिए, द्वारा निगम को दिये गये फ्रांसिसी ऋण का कुल मूल्य 150.0 लाख फ्रांक था, जिसमें से 130.1 लाख फ्रांसीसी फ्रांक के उप-ऋण मंजूर किये गये।

उद्योगों को दी जाने वाली सहायता के स्रोत

63. 30 जून, 1972 तक निगम ने जो रकमें संवितरित की हैं और हामीदारी लेने के कारण उसे जो शेयर और डिबेंचर लेने पड़े थे उनकी कुल राशि 289.77 करोड़ रुपए है। ये निम्नलिखित स्रोतों से पूरे किये गये हैं:

	(रुपए, करोड़ों में)
प्रदत्त पूंजी	9.17
आरक्षित निधियां	16.02
बांड जारी करके बाजार से प्राप्त ऋण	61.00
केन्द्रीय सरकार से लिया गया ऋण	74.07
रिजर्व बैंक से लिया गया ऋण	1.68
विदेशी ऋण	38.62
रुपया ऋणों की वापसी और निवेशों की बिक्री	89.41
जोड़	289.77

पिछले तीन वर्षों में निधियों के स्रोत तथा उपयोग

(रुपए, करोड़ों में)

	1969-70	1970-71	1971-72
क—निधियों का स्रोत			
आंतरिक स्रोत			
1. प्रारंभ में नकदी और बैंक शेष	8.42	6.89	9.18
2. वर्ष का सकल लाभ	4.33	4.47	4.84
3. उधार लेने वालों द्वारा ऋणों की वापसी—			
(क) रुपया ऋण	10.34	9.48	10.87
(ख) विदेशी मुद्रा ऋण	1.97	2.46	2.59

4. सरकारी प्रतिभूतियों में निवेशों की बिक्री	1.30	2.01	–
5. डिबेंचरों/अधिमान शेयरों का विमोचन	0.01	0.70	0.33
6. निवेशों की बिक्री	0.01	0.16	1.74
7. गारंटी दायित्वों के रूप में वसूली	0.04	–	0.07
8. शेयरों का निर्गमन-आवेदन मुद्रा	–	–	0.83
उप-जोड़	26.51	26.17	30.45
उधार			
9. बांड जारी करके बाजार से उधार	5.50	4.95	8.80
10. विदेशी संस्थाओं से उधार	1.69	3.10	2.95
11. रिजर्व बैंक आफ इण्डिया से निवल उधार	–	1.24	1.68
12. केन्द्रीय सरकार से उधार	–	–	0.09
उप-जोड़	7.19	9.29	13.52
जोड़	33.70	35.46	43.97
ख—निधियों का उपयोग			
औद्योगिक संस्थाओं को सहायता			
1. सहायता संवितरणों के रूप में			
(क) ऋण			
(i) रुपया ऋण	15.01	13.16	17.85
(ii) विदेशी मुद्रा ऋण	1.69	3.10	2.95
(ख) हामीदारी दायित्वों के रूप में औद्योगिक इकाइयों के शेयर/ डिबेंचरों में अभिदान	0.82	0.73	0.56
(ग) प्रत्यक्ष अभिदान	0.03	0.14	1.72
(घ) निगम द्वारा दी गई हामीदारियां	0.16	0.02	0.19
उप-जोड़	17.71	17.15	23.27
सरकार को अदायगी			
2. ऋणों की अदायगी	1.77	2.29	3.34
3. कर के लिए व्यवस्था	2.37	2.37	2.17
उप-जोड़	4.14	4.66	5.51
अन्य उपयोग			
4. रिजर्व बैंक से प्राप्त ऋणों की अदायगी	–	–	1.24
5. विदेशी संस्थाओं से प्राप्त ऋणों की अदायगी	2.09	2.26	2.40
6. बांडों का विमोचन	–	–	5.49
7. अधिलाभांश	0.25	0.42	0.42
8. सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश	2.51	–	–
9. अन्य	0.11	1.79	3.18
10. अन्त में नकदी और बैंक शेष	6.89	9.18	2.46
उप-जोड़	11.85	13.65	15.19
जोड़	33.70	35.46	43.97

ऋणों की वापसी अदायगी की प्रगति

64. सारणी 11 और 12 में वे रकमें दिखाई गई हैं जो पिछले पांच वर्षों के अन्त में ब्याज और मूलधन की अदायगी के रूप में लेनी थी और जो रकमें वसूल हुई थीं। इसमें प्रत्येक वर्ष में बाकीदारी की रकमों का ब्यौरा दिया गया है। 30 जून, 1972 को 165.65 करोड़ रुपए के कुल बकाया ऋणों में ब्याज की 598.40 लाख रुपए की बाकीदारी तथा मूलधन 637.06 लाख रुपए की बाकीदारी थी, जो कुल बकाया ऋणों का क्रमशः 3.61 प्रतिशत तथा 3.84 प्रतिशत है।

सारणी 11

ब्याज

(रुपए, लाखों में)

30 जून को समाप्त हुआ वर्ष	वर्ष के प्रारंभ में बकाया रकम*	वर्ष के प्रारम्भ में बकाया मूलधन	वर्ष के दौरान मूलधन की देय रकम	खाना 3 और 4 का जोड़	वर्ष के दौरान मूलधन की प्राप्त रकम	वर्ष के दौरान मूलधन की अदायगी में चूक होने से बकाया रकम*
1	2	3	4	5	6	7
1968	12120.37	116.82	940.19	1057.01	830.57	202.81
1969	13553.04	202.81	1026.64	1229.45	917.78	311.67
1970	14207.50	311.67	1084.89	1396.56	1023.84	372.72
1971	14998.54	372.72	1161.08	1533.80	983.05	550.75
1972	16565.11	550.75	1165.96	1716.71	1081.15	598.40

*इसमें वे राशियां शामिल नहीं हैं, जिनकी मियाद बढ़ाने की मंजूरी दे दी गई है। तकनीकी रूप से ऐसे मामलों को चूकें नहीं माना जाता

सारणी 12

मूलधन

(रुपए, लाखों में)

30 जून को समाप्त हुआ वर्ष	वर्ष के प्रारंभ में बकाया ऋण*	वर्ष के प्रारंभ में ब्याज की देय रकम	वर्ष के दौरान ब्याज की देय रकम	खाना 3 और 4 का जोड़	वर्ष के दौरान ब्याज से प्राप्त रकम	वर्ष के दौरान ब्याज की अदायगी में चूक होने से बकाया रकम**
1	2	3	4	5	6	7
1968	12120.37	80.02	928.16	1008.18	801.11	149.32
1969	13553.04	149.32	944.90	1094.22	811.99	256.51
1970	14207.50	256.51	1163.66	1420.37	1004.24	313.21
1971	14998.54	313.21	1354.43	1667.64	1151.66	498.03
1972	16565.11	498.03	1531.34	2029.37	1287.39	637.06

*इसमें वे बकाया ऋण शामिल नहीं हैं जिनकी किस्तें अदायगी में चूक होने के कारण आस्थगित कर दी गई हैं और जिनकी गारंटी निगम ने दी थी और इस लिए निगम को उन्हें अदा करना पड़ा। ये ऋण और उनके ब्याज का ब्यौरा सारणी 14 में दिया गया है।

**इसमें वे राशियां शामिल नहीं हैं जिनकी मियाद बढ़ाने की मंजूरी दे दी गई है। तकनीकी रूप से ऐसे मामलों में चूकें नहीं माना जाता।

65. 30 जून, 1972 तक बाकीदारी का उद्योगवार ब्यौरा और पिछले वर्ष के तुलनात्मक आंकड़े निम्नलिखित सारणी में दिये गए हैं।

सारणी 13

(रुपए, लाखों में)

उद्योग	30-6-1972 तक की बाकीदारियां			30-6-1972 तक की बाकीदारियां		
	संस्थाओं की संख्या	मूलधन	ब्याज	संस्थाओं की संख्या	मूलधन	ब्याज
चीनी	7	39.00	82.05	4	38.38	75.53
सूती वस्त्र	21	180.33	186.88	19	211.74	180.12
पटसन	—	—	—	1	—	1.94
लकड़ी और कार्क	1	75.00	23.09	1	92.48	31.81
कागज	3	15.65	87.86	3	18.10	64.12
रबर उत्पाद	2	1.53	5.97	3	13.59	17.04
मूल औद्योगिक रसायन	2	19.73	22.53	2	25.50	24.93
विविध रसायन	2	23.06	12.16	4	44.84	26.46
वनस्पति और पशु जन्य तेल तथा स्नेह	—	—	—	1	—	1.11
कांच	2	3.92	1.24	2	6.31	4.05
मृत्तिका शिल्प और भट्टी में लगाने की ईंटें	5	54.48	62.30	4	66.79	68.78
धातु उत्पाद	10	15.17	19.53	11	22.35	31.34
मशीनरी	5	31.85	10.57	7	48.68	18.21
बिजली मशीनरी तथा उपस्कर	2	19.23	22.30	2	5.35	20.29
विविध निर्माण उद्योग	2	8.63	1.06	2	12.15	0.93
मोटर गाड़ियां और उनके पुर्जे	1	5.30	8.88	1	9.90	16.84
साइकल	1	2.00	—	1	13.25	5.68
खनन और खदान-कोयला	—	—	—	1	2.50	2.11
होटल	1	3.15	4.33	1	5.25	7.11
जोड़	67	498.03	550.75	70	637.06	598.40

वर्ष के दौरान सूती वस्त्र उद्योग में बाकीदारी संस्थाओं की संख्या 21 से घटकर 19 रह गई। बाकीदारी रकमों में और भी बढ़ोतरी हुई है, क्योंकि इस वर्ष उन्हीं संस्थाओं ने फिर समय पर रकमें नहीं चुकाई हैं जो पहले नहीं चुका सकी थीं। सूती वस्त्र उद्योग में प्रतिकूल परिस्थितियां होने से इन संस्थाओं का कार्य संतोषप्रद नहीं रहा। यह सर्वविदित है कि छः वर्षों से सूती वस्त्र उद्योग में कार्य परिणाम असन्तोषप्रद रहा, जिसके कारण थे, माल की लागत में वृद्धि होना विक्रय मूल्य की वसूली कम होना, और उसकी अपेक्षा विनिर्माण लागत में वृद्धि होना। नवम्बर-दिसम्बर 1971 से कपास की स्थिति में सुधार हुआ है और कई परियोजनाएं ऊपर उठने लगी हैं। कुछ अन्य कठिनाइयां भी थीं, जैसे परियोजना के कार्यान्वित होने में विलम्ब हो जाने से लागत में अतिव्यय, कार्यकर पूंजी का अभाव, अकुशल प्रबन्ध और मजदूरों की हड़तालें आदि। कुछ इकाईयों के कार्य पर बिजली की उचित मात्रा में पूर्ति के अभाव का भी दुष्प्रभाव पड़ा। कुछ इकाइयों के मामले में निगम ने अदायगीयों के कार्यक्रम में उचित परिवर्तन तथा आस्थगन करके राहत प्रदान की। इसके साथ ही इन संस्थाओं की कमियों तथा कठिनाइयों को भली प्रकार से समझने के लिए अधिक निरीक्षण तथा प्रवर्तकों और अन्य वित्तीय संस्थाओं तथा वाणिज्यिक बैंकों के साथ विचार विमर्श को तीव्र कर दिया है। उद्योग (विकास और नियमन) अधिनियम, 1951 के अधीन केन्द्रीय सरकार ने निगम द्वारा वित्तपोषित पांच अकुशल मिलों के प्रबन्ध को राष्ट्रीय सूती वस्त्र निगम लि० को सौंप दिया है, जो अधिकृत नियन्त्रक हैं। कुछ मामलों में, निगम को बाध्य होकर अपनी बकाया को वसूल करने के लिए कानूनी कार्रवाई करनी पड़ी।

चीनी उद्योग में बाकीदारी संस्थायों की संख्या 7 से घटकर 4 रह गई, ब्याज और मूलधन की बाकीदारी की रकमों में भी कमी हुई है।

समग्र रूप से कागज उद्योग का कार्य सन्तोषजनक रहा। फिर भी निगम द्वारा वित्तपोषित कुछ इकाइयां उनकी अपनी विशेष परिस्थितियों के कारण देय रकमें समय पर नहीं चुका सकीं। पिछली वार्षिक रिपोर्ट में एक इकाई के पुनर्प्रवर्तन का उल्लेख किया गया था जिसमें निगम का भारी जोखिम है तब से इस संस्था ने विस्तार योजना के लिये दीर्घकालीन ऋण प्रदान करने वाली अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं की उहायता के लिए पहुंच की है, जो मंजूर कर दी गई है। एक अन्य मामले में निगम की कानूनी कार्रवाई के परिणामस्वरूप सम्बन्धित न्यायालय ने बन्धक परिसंपत्तियों को बेचने का आदेश दे दिया, तथा निगम की बकाया को वसूल करने के लिए कदम उठाये जा रहे हैं।

मृत्तिका शिल्प तथा भट्ठी में लगने वाली ईंटों की इस्पात और अन्य उद्योगों से मांग बढ़ जाने के कारण इस उद्योग की स्थिति में और सुधार हुआ है। यद्यपि निगम द्वारा वित्तपोषित इकाइयों के कार्यपरिणामों में कुछ सुधार हुआ है फिर भी कुछ ब्याज और मूलधन की बकाया रकमों को अदा करने में असमर्थ रहे। एक मामले में मन्दी के प्रभाव से पूर्णतः मुक्ति पाने तथा सन्तोषजनक कार्य के लिए कुछ समय लगेगा। एक अन्य मामले में कम्पनी का परिसमापन कर दिया गया है। केन्द्रीय सरकार ने संसद् के यअधिनिम द्वारा उपक्रम को अपने अधीन ले लिया है तथा निगम ने केन्द्रीय सरकार द्वारा न्यायालय में दिये जाने वाली मुआवजे की राशि के लिए रक्षित दावेदार के रूप में अपना दावा दायर कर दिया है।

हार्डबोर्ड के उत्पादन में लगी इकाई जिसका उल्लेख पिछली वार्षिक रिपोर्ट में किया गया था इस वर्ष में भी बाकीदारी की रकम अदा करने में असमर्थ रही, यद्यपि इसके घरेलू तथा निर्यात बिक्री में सुधार हुआ है। कम्पनी को परिवहन की कठिनाइयों के कारण अपने उत्पाद को बेचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। कम्पनी की स्थिति सुधारने के लिए कुछ राहतें देने का निर्णय किया गया है।

इस वर्ष के दौरान भी इंजीनियरिंग उद्योग की स्थिति लगातार असन्तोषजनक रही, बाकीदारी संस्थाओं की संख्या 21 से बढ़कर 24 हो गई। विशेषकर इस्पात तथा अन्य धीजों की कीमत बढ़ने तथा श्रम संकट, उच्च उत्पादन लागत, कुछ मामलों में कार्यकर पूंजी का अभाव तथा कुछ मामलों में अकुशल प्रबन्ध इस असंतोषजनक स्थिति का कारण रहे।

पिछली वार्षिक रिपोर्ट में उल्लेख किया गया था कि इंजीनियरिंग उद्योग में सुधार के बावजूद भी कुछ मशीनरी निर्माता, मशीनी औजारों, इस्पात के ढ़ांचों और छोटे औजारों के उत्पादकों का कार्य असंतोषप्रद था। इनमें से कुछ परियोजनाऐं अपनी स्थिति सुधारने के लिए संघर्ष कर रही हैं।

वर्ष के दौरान इन परियोजनाओं में से कुछ को अन्य वित्तीय संस्थाओं के साथ मिलकर वित्तीय सहायता प्रदान की गई, अदायगियों के मामलों में उचित परिवर्तन करके, और पुर्नस्थापना की योजना के रूप में प्रबन्ध को मजबूत किया गया। अन्य वित्तीय संस्थाओं के साथ इन संगठित प्रयासों से एक संस्था के प्रबन्ध में सफलतापूर्वक परिवर्तन लाया गया, आशा है कि कुछ समय में यह संस्था सुधार कर लेगी। पश्चिमी बंगाल की एक अन्य संस्था के मामले में निगम ने बन्द पड़ी फैक्टरी को खोलने के लिए औद्योगिक पुनर्निर्माण निगम लि० के सहयोग से उसको स्थाई परिसंपत्तियों पर समान प्रभार देकर और ऋणों में परिवर्तन/आस्थगन करके उचित राहत प्रदान की।

बाकीदारी की परियोजनाओं पर लगातार चौकसी रखी जा रही है और इनके पुर्नस्थापन तथा आवश्यक मामलों में कानूनी कार्रवाई द्वारा निगम की बकाया को प्राप्त करने के लिए कदम उठाये जा रहे हैं।

66. जिन आस्थगित अदायगियों के लिए निगम ने गारंटी दी थी उनकी किश्तों में चूकें होने के कारण निगम द्वारा पिछले पांच वर्षों में अदा की गई बाकीदारी की रकम और उस पर देय ब्याज आदि नीचे सारणी 14 में दिया गया है।

सारणी 14

जिन आस्थगित अदायगियों के लिए निगम ने गारंटी दी थी उनकी किस्तों की अदायगी में चूकें होने के कारण निगम द्वारा अदा की गई बाकीदारी की रकम और उस पर देय ब्याज आदि

(रुपए, लाखों में)

30 जून को समाप्त हुआ वर्ष	वर्ष के प्रारंभ में बाकीदारी की रकम	वर्ष के दौरान बाकी वारी की रकम	खाना 2 और 3 का जोड़	वर्ष के दौरान वसूलियां	वर्ष के अन्त में देय बाकीदारी की रकम
1	2	3	4	5	6
1968	335.11	80.41	415.52	0.47	415.05
1969	415.05	116.27	531.32	3.89	527.43
1970	527.43	52.24	579.67	285.83*	293.84
1971	293.84	25.71	319.55	2.72	315.83
1972	316.83	32.10	348.93	112.22**	236.71

*इसमें 279.44 लाख रुपए की वह राशि शामिल है, जिसे नये ऋणों में परिवर्तित करके मियाद बढ़ाने की मंजूरी दे दी गई है।

**इसमें 30.17 लाख रुपए की वह राशि शामिल है, जिसकी मियाद बढ़ाने की मंजूरी दे दी गई।

शेयरों का वितरण

67. विभिन्न वर्गों के अंशधारियों के पास निगम के जो शेयर (प्रथम से तीसरी सीरीज तक) थे, समीक्षाधीन वर्ष में उनके वितरण में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। जैसे कि पहले उल्लेख किया जा चुका है निगम ने जून, 1972 में विभिन्न वर्गों के अंशधारियों को उनके पास शेयरों के अनुपात में 3,308 शेयर (चौथी सीरीज) प्रदान किये। प्रत्येक प्रकार के शेयरधारियों ने पूरा-पूरा अभिदान किया।

लेखे

इस वर्ष का लाभ-हानि विवरण

(रुपये लाखों में)

	इस वर्ष	पिछले वर्ष
68. इस वर्ष के कारोबार की सकल आय	1498.12	1345.95
सकल आय में से निम्नलिखित घटाने के बाद बांडों और अन्य ऋणों पर अदा किया गया ब्याज	847.84	820.34
अन्य खर्चे तथा निवेशों की बिक्री से हानि	166.70	78.35
निवेशों के मूल्य में ह्रास	48.00	—
कर के लिये व्यवस्था	216.83	237.00
इस वर्ष का निवल लाभ	218.75	210.26
218.75 लाख रुपये के निवल लाभ को इस प्रकार विनियोजित किया गया :		
(1) सामान्य आरक्षित निधि को अन्तरित	82.70	74.54
(2) आयकर अधिनियम 1961 की धारा 36(i)(viii) के अन्तर्गत आरक्षित निधि को अंतरित	44.00	50.00
(3) अशोध्य और संदिग्ध ऋणों के लिये आरक्षित निधि को अंतरित	49.18	42.99
(4) स्टाफ कल्याण निधि को अंतरित	1.00	1.00
(5) 9.17 करोड़ रुपयों की प्रदत्त शेयर पूंजी पर 5 प्रतिशत वार्षिक दर से अधिलाभांश की अदायगी	41.87	41.73
	218.75	210.26

30 जून, 1972 को शेयरों का वितरण नीचे लिखे अनुसार था :

	शेयरों की संख्या	कुल का प्रतिशत
भारतीय औद्योगिक विकास बैंक	10,000	50
अनुसूचित बैंक	4,067	20
बीमा संस्थाएं आदि	4,314	22
सहकारी बैंक	1,619	8
	20,000	100

सामान्य आरक्षित निधि

69. चालू वर्ष के लाभों में से 82.70 लाख रुपए की रकम सामान्य आरक्षित निधि में अन्तरित कर दी गई है, जो अब 917.30 लाख रुपए हो गई है।

सामान्य आरक्षित निधि के अतिरिक्त कुल 479.78 लाख रुपए की निम्नलिखित विशेष आरक्षित निधियां हैं।

(रुपए, लाखों में)

(1) औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम की धारा 32क के अधीन विशेष आरक्षित निधि	100.00
(2) आयकर अधिनियम 1961 की धारा 36(i)(viii) के अधीन विशेष आरक्षित निधि	379.58
	479.78

सामान्य और आरक्षित निधियों की कुल रकमों का जोड़, 1397.07 लाख रुपए है।

इसके अतिरिक्त संदिग्ध ऋणों के लिए कुल 203.00 लाख रुपए की रकम आरक्षित है। इस प्रकार निगम के पास आरक्षित निधियों की कुल रकम 1602.08 लाख रुपए है जो प्रदत्त पूंजी से 684.78 लाख रुपए अधिक है।

आयकर अधिनियम 1961 की धारा 36(i)(viii) के अधीन विशेष आरक्षित निधि

70. आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36 (i)(viii) के अधीन चालू वर्ष के लाभ में से 44.00 लाख रुपए की राशि विशेष आरक्षित निधि को अन्तरित कर दी गई। यह राशि चालू वर्ष की कर निर्धार्य आय के 10 प्रतिशत के बराबर है। इस प्रकार इस निधि की जमा रकम 379.78 लाख रुपये हो गई है।

अशोध्य तथा संदिग्ध ऋणों के लिये व्यवस्था

71. वर्ष के अन्त में ऋण खाते की समीक्षा संतोषजनक पाई गई। फिर भी, निगम के कार्यक्षेत्र के विस्तार, कुछ संस्थाओं के पुनःस्थापना की योजनाओं के परिपक्व होने में लगने वाले अधिक समय को ध्यान में रखते हुए, संचालकों ने दूरदर्शिता से काम लेकर समीक्षाधीन वर्ष के लाभ में से 49.18 लाख रुपए संदिग्ध ऋणों की आरक्षित निधि को अन्तरित करने का निर्णय किया है।

आयकर के लिये व्यवस्था

72. 30 जून, 1971 को समाप्त हुए लेखा वर्ष (कर निर्धारण वर्ष 1972-73) को कर निर्धारण की कार्यवाही की वार्षिक लेखा बन्द होने से पहले अन्तिम रूप नहीं दिया गया था। अतः 30 जून, 1972 को समाप्त हुए लेखा वर्ष के लिए कर लेखे में 216.83 लाख रुपए की व्यवस्था की गई है।

पिछले पांच वर्षों का कार्य परिणाम

73. निगम के पिछले पांच वर्षों के लाभ-हानि लेखे का संक्षिप्त विवरण नीचे सारणी में दिया गया है।

सारणी 15

(रुपए, लाखों में)

	पिछले पांच वर्षों का कार्य परिणाम				
	1968	1969	1970	1971	1972
उपार्जित लाभ	1009.90	1086.78	1200.34	1257.84	1383.31
अन्य आय	71.24	107.03	81.23	88.11	114.81
कुल आय	1081.14	1193.81	1281.57	1345.95	1498.12
अदा किया गया ब्याज	670.63	739.24	793.56	820.34	847.84
बांडों पर बट्टा और दलाली	16.97	17.87	1.37	1.17	3.26
स्थापना खर्च जिसमें चिकित्सा शुल्क तथा खर्च और कर्मचारी भविष्य निधि पर ब्याज भी शामिल है	23.49	29.35	35.03	48.24	61.33
राष्ट्रीय रक्षा कोष को दान	—	—	—	—	5.00
अन्य खर्च तथा निवेशों की बिक्री से हानि	13.63	15.24	18.79	28.94	97.11
कुल खर्च	724.72	801.70	848.75	898.69	1014.54
सकल लाभ	356.42	392.11	432.82	447.26	483.58
निवेशों के मूल्य में ह्रास के लिए व्यवस्था	—	—	—	—	48.00
कर के लिए व्यवस्था	198.25	221.79	237.00	237.00	216.83
निवल लाभ	158.17	170.32	195.82	210.26	218.75
आरक्षित निधियों में	133.54	145.69	171.19	168.53	176.88
अधिलाभांश	24.63	24.63	24.63	41.73	41.87

पिछले वर्ष 1345.95 लाख रुपए की आय की तुलना में निगम को इस वर्ष कुल 1498.12 लाख रुपए की आय हुई।

अशोक पपर मिल्स लि०, की पुनः स्थापना की योजना के लिए, जिसमें निगम को भारी जोखिम था, निगम ने 96 लाख रुपए के बकाया ब्याज को कम्पनी के साधारण शेयरों में बदल दिया तथा इसमें से 66 लाख रुपए अंकित मूल्य के शेयर 15 प्रतिशत पर असम सरकार को बेचे गये, परिणामस्वरूप निगम को 56.10 लाख रुपए की हानि हुई "अन्य खर्चे तथा निवेशों की बिक्री से हानि" शीर्षक के अन्तर्गत वृद्धि का यही अधिक भाग है।

सकल लाभ 447.26 लाख रुपये से 483.58 लाख रुपये हो गया। निवेशों के मूल्य में ह्रास के लिए 48.00 लाख रुपये तथा कर के लिये 216.83 लाख रुपये की व्यवस्था करने के बाद निवल लाभ 210.26 लाख रुपये से 218.75 लाख रुपये हो गया। पिछले वर्ष के 168.53 लाख रुपये की तुलना में इस वर्ष आरक्षित निधियों में 176.88 लाख रुपये का विनियोजन किया गया।

इस वर्ष के लाभ में से 82.70 लाख रुपये की राशि सामान्य आरक्षित निधि को अन्तरित कर देने से यह निधि 30 जून, 1972 को निगम की प्रदत्त पूंजी के बराबर हो गई। इसलिये औद्योगिक

वित्त निगम अधिनियम की धारा 32 के अनुसार निगम ने अपनी प्रदत्त पूंजी पर 5 प्रतिशत का अधिलाभांश देने की घोषणा की। 82.70 लाख रुपये प्रदत्त मूल्य के जून, 1972 में जारी किये गये 3,308 शेयरों (चौथी सीरीज) पर निगम की शर्तों के अनुरूप अधिलाभांश 19 जून, 1972 से ही लागू होगा।

तुलन-पत्र से संलग्न अनुसूची

74. 30 जून, 1972 तक दिए गए ऋणों और पेशगियों का विवरण बताने वाली एक अनुसूची तुलन-पत्र के साथ लगी है।

(i) केवल न्यायालय की डिक्री द्वारा रक्षित ऋण

(ii) ऋणी संस्थाओं में संचालकों के हित

तुलन-पत्र के साथ लगी अनुसूची की मद (च) में दिये गए आंकड़ों के विश्लेषण को दिखाने वाला विवरण परिशिष्ट 'छ' में दिया गया है।

ऐसी कोई भी संस्था नहीं है (देखिये विवरण का खण्ड 'क') जिसमें निगम के संचालक का राज्य सरकार या सहकारी बैंक या सहकारी समितियों के नामित संचालक के रूप में कोई हित हो।

उन संस्थाओं पर कुल 2086.13 लाख रुपये के ऋण बकाया हैं जिनमें निगम के कुछ संचालक केवल शेयर धारी के नाते हितबद्ध है। 1683.31 लाख रुपये के ऋण सम्बन्धित संचालकों के निगम का संचालक बनने से पूर्व या ऋणी संस्था से हितबद्ध होने से पूर्व मंजूर किए गए थे। जिन संस्थाओं में संचालकों का हित संचालकों के नाते है, और जिनको वित्तीय सहायता उन व्यक्तियों के निगम के संचालक बनने के बाद मंजूर हुई है, इन संस्थाओं पर बकाया ऋण की कुल राशि 61.09 लाख रुपये है। यह राशि निगम को प्राप्त होने वाले कुल बकाया ऋणों की 168.49 करोड़ रुपये की रकम का लगभग 0.4 प्रतिशत (देखिये विवरण का खण्ड 'ग')।

1472.17 लाख रुपये का मूलधन और ब्याज की किस्तों के रूप में बकाया में से एक संस्था से 124.29 लाख रुपये की राशि बकाया थी जिसमें निगम का एक संचालक ऋणी संस्थाके शेयर धारी रूप में हितबद्ध था।

औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम की धारा 6(3) के अधीन भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा नीति प्रश्नों सम्बन्धी दिए गए अनुदेश

75. निगम को भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा नीति प्रश्नों सम्बन्धी दिए गए अनुदेशों की नवीनतम सूची परिशिष्ट 'ट' में दी गई है।

बोर्ड और अन्य समितियों की बैठकें

76. इस वर्ष के दौरान बोर्ड की बारह बैठकें हुईं। जिनमें से छः नई दिल्ली में और एक-एक बैठक बैंगलोर, भुवनेश्वर, कलकत्ता, लखनऊ, शिमला और त्रिवेन्द्रम में हुई।

इस वर्ष के दौरान बोर्ड की अन्य समितियों की पांच बैठकें हुईं।

सलाहकार समितियां

77. वर्ष के दौरान विभिन्न सलाहकार समितियों की बैठकों की संख्या नीचे दी गई है।

सलाहकार समिति का नाम	बैठकों की संख्या
रसायन प्रक्रिया और समवर्गीय उद्योग	11
इंजीनियरिंग	9
चीनी	8
वस्त्र	3
पटसन	1

इन बैठकों में कुल 53 संस्थाओं से विभिन्न प्रकार की वित्तीय सहायता के लिये प्राप्त हुए आवेदनों पर विचार किया गया।

निगम ने पहले की तरह विभिन्न उद्योगों के विशेषज्ञों और सलाहकारों की एक नामिका रखी ताकि विभिन्न उद्योगों के लिये उनकी विशेषज्ञता का लाभ उठाया जा सके और अवसर की आवश्यकतानुसार विचारार्थ मामलों की जटिलता तथा उनके स्वरूप और संबंधित विशेषज्ञ के विशेषज्ञता प्राप्त क्षेत्रों के अनुसार नामिका में से कुछ विशेषज्ञों को सम्बधित समिति का सदस्य सहयोजित किया जा सके।

संचालक बोर्ड

78. औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम की धारा 10 (1)(ग) के अधीन निगम की 27 सितम्बर, 1971 को हुई वार्षिक साधारण सभा में अनुसूचित बैंकों का प्रतिनिधित्व करने के लिये श्री एन० रामानन्द राव के कार्यनिवृत्त होने पर श्री सी०पी० शाह संचालक के रूप में चुने गये। इसी सभा में उक्त अधिनियम की धारा 10(I)(घ) के अधीन बीमा कम्पनियों, निवेश न्यासों और ऐसी ही अन्य वित्तीय संस्थाओं का प्रतिनिधित्व करने के लिय श्री एन० बी० नायडू के कार्यनिवृत्त होने पर श्री बी० सी० रणदेरिया संचालक के रूप में चुने गये और उक्त अधिनियम की धारा 10(I)(ङ) के अधीन सहकारी बैंकों का प्रतिनिधित्व करने के लिए श्री पी० एस० राजगोपाल नायडू, जो चार-चार वर्ष की लगातार दो पूर्ण अवधियां पूरी करने के बाद कार्यनिवृत्त हुए, के स्थान पर श्री वसन्तराव बी० पाटिल संचालक चुने गये। महाराष्ट्र सरकार में बिजली व सिंचाई मन्त्री के पद पर कार्यभार संभाल लेने

के पश्चात् श्री बसन्तराव बी० पाटिल ने 27 मार्च, 1972 को निगम के संचालक पद से त्यागपत्र दे दिया। उनके स्थान पर सहकारी बैंकों द्वारा निगम की 17 जून, 1972 को हुई विशेष साधारण सभा में महाराष्ट्र स्टेट कोआपरेटिव बैंक लि०, बम्बई के प्रबन्ध संचालक, डा० डब्ल्यू० सी० श्री श्रीमल चुने गये।

बोर्ड श्री एन० रामानन्द राव, श्री एन० वी० नायडू, श्री पी० एस० राजगोपाल नायडू तथा श्री बसन्तराव बी० पाटिल द्वारा की गई अमूल्य सेवाओं की सराहना करता है।

प्रबन्ध विकास संस्थान

79. निगम ने प्रबन्ध विकास संस्थान की स्थापना की, जिसका पंजीकरण समितियां पंजीकरण अधिनियम, 1960 के अधीन 17 मई, 1972 को किया गया। इस संस्थान का उद्देश्य निगम से वित्त प्राप्त करने वालों, विशेषकर निगम की सहायता से प्रथम बार उद्योग में प्रवेश करने वाले नये उद्यमकर्ताओं तथा व्यावसायिकों को आधुनिक प्रबन्ध तकनीकों का प्रशिक्षण प्रदान करना है। निगम का अनुभव रहा है कि केवल वित्त पर ही औद्योगिक परियोजना की सफलता निर्भर नहीं करती। औद्योगिक उद्यम की सफलता के लिये प्रबन्ध, कार्यकारी, वित्तीय तथा तकनीकी पहलू बहुत ही महत्वपूर्ण है। व्यावसायिक प्रबन्ध का अधिक प्रभाव बढ़ने से तथा मध्य वर्ग से उद्यमकर्ताओं की नई श्रेणी के पैदा होने से ऐसे संगठन की आवश्यकता है जिसके पास नये उद्यमकर्ताओं तथा तकनीकिमों को जिन्हें पहले से न तो औद्योगिक अनुभव है और जिनका न ही किसी बड़े औद्योगिक हाउस से सम्बन्ध है प्रबन्ध प्रशिक्षण देने के लिये उचित स्टाफ तथा साधन है। निगम का यह भी विचार था कि इस प्रकार का संस्थान निगम जैसी वित्तीय संस्था द्वारा जिसने पिछले 24 वर्षों से बड़े और मध्यम स्तर की परियोजनाओं को वित्त प्रदान करने का अनुभव प्राप्त किया है तथा जिसके पास अध्ययन और शोध के लिये काफी सामग्री है तथा जो समस्यायें नये उद्यमकर्ताओं के सामने औद्योगिक उपक्रमों को कार्यान्वित करते तथा संचालन के समय सामने आती है, उनसे भली प्रकार अवगत है।

निगम से सहायता प्राप्त करने वालों को आधुनिक प्रबन्ध तकनीक में प्रशिक्षण देने के अतिरिक्त यह संस्थान निगम के स्टाफ को सभी स्तरों पर तथा दीर्घकालीन ऋण प्रदान करने वाली अखिल भारतीय संस्थाओं के स्टाफ को विकास बैंकिंग में प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

संस्थान की वित्त सम्बन्धी जरूरतों को केन्द्रीय सरकार द्वारा निगम को मंजूर के० एफ० डब्ल्यू० के जर्मनी मार्क ऋणों के ब्याज के अन्तर के कारण जमा हुई निधियों से पूरा किया जायेगा। निगम की आर्थिक सहायता से भी संस्थान की जरूरतों को पूरा किया जायेगा। जैसा कि संस्थान निगम से सहायता प्राप्त करने वालों के अतिरिक्त राज्य और अखिल भारतीय स्तर की वित्तीय संस्थाओं को प्रशिक्षण प्रदान करेगा। अतः यह अलाभकारी संगठन होगा।

चीनी सहकारिताओं का सम्मेलन

80. निगम चीनी सहकारिताओं को काफी मात्रा में वित्तीय सहायता प्रदान करता रहा है, अतः इस बात पर विचार किया गया कि उनमें निगम की वित्त प्रदान करने की कसौटी, नीतियों तथा कार्य प्रणाली के बारे में अधिक समझ पैदा करने की आवश्यकता है और यह अनुभव किया गया कि इस उद्देश्य की प्राप्ति वित्तपोषित चीनी सहकारिताओं का सम्मेलन बुलाने से ही की जा सकती है। तदनुसार 2 अप्रैल, 1972 को यह सम्मेलन बुलाया गया। इस सम्मेलन में चीनी सहकारिताओं के अतिरिक्त विभिन्न राज्य सरकारों राष्ट्रीय सहकारिता विकास निगम, जीवन बीमा निगम, रिजर्व बैंक आफ इंडिया, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भारतीय ऋण एवं साख निगम, आदि के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन में निगम, चीनी सहकारिताओं तथा अन्य सभी सम्बन्धित के मध्य उन्मुक्त विचार विनिमय का कार्य किया।

निगम के कार्यालय

81. निगम के तीन कार्यालयों ने हैदराबाद, भुवनेश्वर, और बंगलौर में, क्रमशः 19 नवम्बर, 1971, 8 अप्रल 1972, तथा 25 मई, 1972 से कार्य करना शुरू कर दिया है। वर्ष के अन्त तक कानपुर और पटना में दो कार्यालय खुल जाने से निगम के कार्यालयों की संख्या 11 हो गई है।

राष्ट्रीय रक्षा कोष

82. निगम ने जनवरी, 1972 में राष्ट्रीय रक्षा कोष को 5 लाख रुपये का योगदान दिया।

उच्च स्तरीय प्रबन्ध में परिवर्तन

83. श्री एल० सीतारामन, उप-महाप्रबन्धक के पद से कार्य निवृत्त होने से पूर्व अवकाश ग्रहण करने के कारण बोर्ड ने सहायक महाप्रबन्धक श्री एस० एन० पाई को 24 मार्च, 1972 से निगम का उप-महाप्रबन्धक नियुक्त किया। मुख्य लेखापाल श्री आर० बी० माथुर तथा प्रबन्धक श्री एम० एस० नागरथ को 26 जून, 1972 से क्रमशः सहायक महाप्रबन्धक तथा मुख्य लेखापाल नियुक्त किया गया।

लेखा परीक्षक

84. 30 जून 1972 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिये भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने मैसर्स वाकर चंडोयक एण्ड कम्पनी, नई दिल्ली, को निगम के लेखा परीक्षकों के रूप में नियुक्त किया। 27 सितम्बर 1971 को निगम के शेयर-धारियों की वार्षिक साधारण बैठक में भारतीय औद्योगिक विकास बैंक को छोड़कर अन्य शेयरधारियों की ओर से उक्त अवधि के लिये मेसर्स हरिभक्ति एण्ड कम्पनी, बम्बई को फिर से लेखा परीक्षक चुना गया। मैसर्स हरिभक्ति एण्ड कम्पनी कार्यानिवृत्त हो जायेंगे, लेकिन उनका फिर से चुनाव किया जा सकता है।

प्राप्त सहायता के लिये आभार प्रदर्शन

85. बोर्ड को भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों तथा अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं से जो सहयोग और सहायता मिली है, उस के लिये यह वह उनकी प्रशंसा करता है जिन सदस्यों ने निगम को विभिन्न सलाहकार समितियों में कार्य किया है बोर्ड उनकी अमूल्य सहायता और सलाह के लिये उनके प्रति कृतज्ञ है और वह उन गैर सरकारी व्यक्तियों के प्रति भी अपनी कृतज्ञता प्रकट करता है जिन्होंने विभिन्न ऋणी संस्थाओं के संचालक बोर्डों में निगम के द्वारा नामित किये गए संचालकों के रूप में कार्य किया है। वर्ष के दौरान निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा वफादारी और निष्ठापूर्वक की गई सेवा के लिये भी बोर्ड उनकी सराहना करता है।

संचालकों की ओर से

चरन दास खन्ना

अध्यक्ष

भारतीय औद्योगिक
नई

30 जून, 1972 को

पिछले वर्ष	पूंजी और देयतायें			इस वर्ष
रु०		रु०	रु०	रु०
	1. अधिकृत पूंजी			
10,00,00,000	पांच-पांच हजार रुपये के 20,000 शेयर			10,00,00,000
	जारी स्वीकृत और प्रदत्त पूंजी			
5,00,00,000	पूरी तरह से प्रदत्त पांच-पांच हजार रुपये के 10,000 शेयर (औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम की धारा 5 के अन्तर्गत मूलधन की वापसी, अदायगी और 2½ प्रतिशत के हिसाब से न्यूनतम वार्षिक लाभांश की अदायगी के सम्बन्ध में भारत सरकार की गारंटी प्राप्त)		5,00,00,000	
2,00,00,000	पूरी तरह से प्रदत्त पांच-पांच हजार के 4,000 शेयर (द्वितीय श्रेणी) (औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम की धारा 5 के अन्तर्गत मूलधन की वापसी, अदायगी और 4 प्रतिशत के हिसाब, से न्यूनतम वार्षिक लाभांश की अदायगी के सम्बन्ध में भारत सरकार की गारंटी प्राप्त)		2,00,00,000	
1,34,60,000	पूरी तरह से प्रदत्त पांच-पांच हजार रुपये के 2,692 शेयर (तृतीय श्रेणी) (औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम की धारा 5 के अन्तर्गत मूलधन की वापसी, अदायगी और 4 प्रतिशत के हिसाब से न्यूनतम वार्षिक लाभांश की अदायगी के सम्बन्ध में भारत सरकार की गारंटी प्राप्त)		1,34,60,000	
—	पांच-पांच हजार रुपये के 3,308 शेयर (चतुर्थ श्रेणी), प्रति शेयर रु० 2,500 प्रदत्त (औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम की धारा 5 के अन्तर्गत मूलधन की वापसी, अदायगी और 4½ प्रतिशत के हिसाब से न्यूनतम वार्षिक लाभांश की अदायगी के सम्बन्ध में भारत सरकार की गारंटी प्राप्त)		82,70,000	9,17,30,000
	2. रिजर्व और आरक्षित निधि			
8,34,60,000	(i) सामान्य आरक्षित निधि (धारा 32 के अन्तर्गत)			
7,60,05,737	पिछले तुलन-पत्र के अनुसार शेष	8,34,60,000		
74,54,263	लाभ हानि लेखे से अंतरित	82,70,000		
8,34,60,000			9,17,30,000	
1,00,00,000	(ii) विशेष आरक्षित निधि (धारा 32 के अन्तर्गत) पिछले तुलन-पत्र के अनुसार शेष		1,00,00,000	
2,85,78,362	(iii) विशेष आरक्षित निधि [आयकर अधिनियम 1961 की धारा 36(1)(viii) के अन्तर्गत] पिछले तुलन-पत्र के अनुसार शेष	3,35,78,362	3,35,78,362	
12,20,38,362				
8,34,60,000	आगे ले जाया गया		13,53,08,362	9,17,30,000

वित्त निगम
दिल्ली

तुलन-पत्र

पिछले वर्ष	सम्पत्ति और परिसम्पत्तियां			इस वर्ष
रु०		रु०	रु०	रु०
	1. नकद और बैंक शेष			
38,769	(i) प्रधान कार्यालय और शाखाओं में		19,541	
	(ii) (धारा 19 के अन्तर्गत) नीचे लिखे बैंकों में—			
49,15,209	(क) रिजर्व बैंक आफ इण्डिया में	52,79,952		
8,42,86,407	(ख) अनुसूचित बैंकों में	1,87,85,363		
26,00,000	(ग) राज्य सहकारी बैंकों में	5,00,000,		
8,811	(घ) भारत के बाहर के बैंकों में	14,444		
9,18,10,427			2,45,79,759	
9,18,49,196				2,45,99,300
	2. निवेश लागत मूल्य			
